अनुवादक – केसरी नारायण शुक्ल

भूमिका

'रूसी व्याकरण की सक्षिप्त व्याख्या' मे व्याकरण तथा ध्वनिशास्त्र की वे मूलभूत बातें बतायी गयी है जो रूसी भाषा से परिचय प्राप्त करनेवाले विद्यार्थी के लिए अनिवार्य है। इस पुस्तक में प्रधान स्थान पदरचना को दिया गया है, वाक्यविन्यास को केवल पदरचनात्मक विषयो की चर्चा के सबध से ही प्रस्तुत किया गया है क्योकि प्रत्येक वैयाकरणिक रूप के लिए उसके प्रयोग का मूलभूत विधान भी दिया गया है। प्रस्तुत पुस्तक मे मुख्य ध्यान उन वैयाकरणिक विभागो की ओर दिया गया है जो रूसी भाषा के अध्येताओ के लिए सबसे कठिन है, ये विभाग है – सज्ञा का लिग-भेद तथा लिग-भेद से सबद्ध अन्य शब्द-भेदो की सज्ञा के साथ संगति, बिना पूर्वसर्गों के तथा पूर्वसर्गों के साथ कारकों के प्रयोग का अर्थ; क्रिया के पक्ष – गत्यार्थक क्रियाओ की रचना और उनका प्रयोग, अनिश्चयार्थक सर्वनामो का प्रयोग तथा अन्य। रूसी स्वराघात की नियमितता के प्रति अधिक ध्यान दिया गया है।

व्याकरण की सामग्री तालिकाओ के रूप मे प्रस्तुत की गयी है और साथ में उनकी – वैयाकरणिक रूपों और उनके प्रयोगो की – सक्षिप्त तथा अत्यन्त अनिवार्य व्याख्या है। वैयाकरणिक विषयो की व्याख्या को उदाहरणो द्वारा निदर्शित किया गया है। यह उदाहरण मुख्य रूप मे बोलचाल की भाषा के है और आशिक रूप कलात्मक साहित्य के। प्रत्येक शब्द-भेद की व्याख्या रूसी भाषा मे उस शब्द-भेद की विशेषताओ की सामान्य रचनाओ के साथ प्रस्तुत की गयी है।

प्रस्तुत पुस्तक का उपयोग वे लोग कर भी सकते है जो रूसी भाषा से यत्किंचित परिचित है किन्तु जिन्हें रूसी भाषा के अपने ज्ञान को सुव्यवस्थित तथा

प्रौढ करना हैं और वे शिक्षक भी जो विदेशियो या अरूसियो को रूसी भाषा पढाते हैं।

'रूसी ध्वनि, वर्णमाला और लेखन-पद्धति की मूल विशेषताए' (पृष्ठ ५) अध्याय, 'सज्ञाओ मे स्वराघात के विशिष्ट प्रकार' (पृष्ठ ६७) और 'क्रियाओं में स्वराघात के मुख्य प्रकार' (पृष्ठ २४७) उपविभाग प्रोफेसर प० ए० कुज्नेत्सोव द्वारा लिखे गये हैं।

विषय सबधी सुझाव और सम्मतिया निम्नलिखित पते पर भेजी जायें: विदेशी भाषा प्रकाशन गृह, २१, जूबोव्स्की बुलवार, मास्को।*

---

* Издательство литературы на иностранных языках, Москва, Зубовский бульвар, 21

१. रूसी ध्वनि, वर्णमाला और लेखन-पद्धति की मूल विशेषताएं

रूसी भाषा के विकास में अनेक विभाषाओं और बोलियों का हाथ है। सर्वप्रथम महान रूसी जाति की भाषा और फिर उसके आधार पर रूसी राष्ट्रीय भाषा के रूप में वह केन्द्रीय रूसी राष्ट्र के निर्माण और विकास के युग में चौदहवीं से सत्रहवीं शती के विस्तार के बीच निर्मित हुई, जिसका केन्द्र मास्को था। इस भाषा में वे प्राचीन विभाषाएं समाविष्ट हुईं जो इस राष्ट्र के क्षेत्र में प्रचलित थीं। साहित्यिक रूसी भाषा के मूल में मास्को की बोली थी। चूंकि मास्को उत्तरी बोली की सीमा पर स्थित था, इससे प्राथमिक विशेषताओं के रूप में अनेक उत्तरी विशिष्टताएं इसकी बोली में संयुक्त हुईं। इतिहास के विकास के बीच इसमें दक्षिणी विशेषताएं प्रकट हुईं और उनके साथ धीरे धीरे उत्तरी विशेषताएं हटने लगीं। फिर भी कतिपय प्राचीन उत्तरी विशेषताएं इस बोली में अब तक बनी रह गईं। हम मास्को-उच्चारण की केवल उन विशेषताओं की व्याख्या करेंगे जिन्होंने साहित्यिक रूप धारण कर लिया है। पीटर प्रथम के समय में राजधानी मास्को से पीटर्सबुर्ग (वर्तमान लेनिनग्राद) को स्थानान्तरित हुई। सन् १९१८ में मास्को फिर से राजधानी बनी। नये नगर के रूप में पीटर्सबुर्ग ने मास्को बोली से विभिन्न अपनी बोली नहीं निर्मित की। पीटर्सबुर्ग प्रधान रूप में मास्को से आये हुए लोगों से आबाद हुआ, किंतु मास्को-उच्चारण के आदर्श से अलग, समय के साथ कतिपय अतिक्रमण प्रकट हुए।

वाणी के अवयव और उनके काम

किसी भी भाषा की ध्वनियां (और उसी प्रकार रूसी भाषा की ध्वनियां) वाणी के अवयवों के विभिन्न आन्दोलनों के फलस्वरूप निकलती हुई वायवीय कम्पनों या तरंगों के रूप में प्रकट होती हैं। मानव-शरीर के वे अंग वाणी के अवयव

कहे जाते हैं जो वाणी की ध्वनिया की रचना मे योग देते हैं। इनसे सबधित है फेफडे, स्वरयन्त्र (कठनाली), नाक का छिद्र (नासिका-विवर) और मुह के विभिन्न अवयव (जीभ, तालु, दात और ओठ)।

फेफड़े केवल वाणी की ध्वनि रचना मे ही योग नही देते वरन् श्वास प्रक्रिया मे भी योग देते हैं। फैलते हुए ये अपने मे वाहरी हवा को खीचते है (इस प्रकार कुम्भक प्रक्रिया पूरी होती है)। सकुचित होकर ये हवा को अपने से वाहर निकाल देते हैं (इस प्रकार रेचक प्रक्रिया पूरी होती है)। फेफडो से निकलती हुई हवा वाणी की ध्वनियो की रचना मे योग देती है।

फेफडो से वाहर निकलती हुई हवा श्वास-नालिका से गुजरती है जिसके अत पर स्वरयन्त्र स्थिति है। यह कई सूक्ष्म अस्थितन्त्रियो से निर्मित है। इन सूक्ष्म अस्थितन्त्रियो के वीच फैली हुई स्वरतन्त्री का वाणी के लिए विशेष महत्व है। स्वरतन्त्री का रूप मासपेशियो के उन दो लचकदार और चल गुच्छो का है जो समानान्तर और समतल फैले हुए है और स्वरयन्त्र की अस्थितन्त्रियो से जुडे हुए है। चूकि ये अस्थितन्त्रिया चल सकती हैं या हिल सकती हैं, स्वरतन्त्रिया हवा के लिए चौडा रास्ता वनाती हुई फैल सकती है और सिकुड सकती हैं और इसी प्रकार स्वरयन्त्र के वीच का रास्ता वद कर सकती हैं। ऐसी स्थिति मे यदि स्वरयन्त्र के वीच का रास्ता वद है, फेफड़ो से वाहर निकलती हुई हवा स्वरतन्त्रियो के वीच से तेजी से धक्का देती हुई निकलती है, जिससे ये स्वरतन्त्रिया अनेक वार खुलती और वद होती हुई (एक सेकेड मे कतिपय दसियो से लेकर सौ वार तक) कापने लगती है। स्वरतन्त्रियो के कम्पन के फलस्वरूप वायवीय कम्पन होने लगते है जो घोष (ध्वनि) की रचना करते हैं। घोष बहुत-सी ध्वनियो के उच्चारण मे योग देता है और जिन स्थितियो मे अन्य ध्वनियो के उच्चारण मे योग नही देता है उनमे स्वरतन्त्रिया चौडी फैल जाती है और कापती नही हैं।

नासिका-विवर मुख-विवर से पश्च (कोमल) तालु या तालुयवनिका द्वारा अलग होता है। तालुयवनिका भी चचल है। वह ऊपर उठ सकती है और नीचे गिर सकती है। जव तालुयवनिका नीचे गिरती है तो स्वरयन्त्र से निकलती हुई हवा के लिए नासिका-विवर के रास्ते खोल देती है (ऐसी स्थिति मे हवा मुख-विवर और नासिका-विवर से जाती है)। जव तालुयवनिका उठती है तो वह इस रास्ते को वद कर देती है और हवा केवल मुख-विवर से जाती है। यदि हवा नासिका-विवर से जाती है तो वह ध्वनिवर्धक या ध्वनि को तेज करनेवाले का काम करती है। नासिका-विवर कतिपय ध्वनियो के उच्चारण मे ध्वनिवर्धक के रूप मे प्रकट होता है।

मुख-विवर प्रथमत स्वरयत्र मे वनती हुई ध्वनि के सवर्धक के रूप मे प्रयुक्त होता है और दूसरे, वह स्थान के रूप मे प्रकट होता है जहा विभिन्न वाधाए निर्मित होती हैं– अर्थात वाहर निकलती हुई हवा के लिए वाधाए। मुख-विवर का सवसे महत्वपूर्ण अवयव जीभ है जो श्लेष्मायुक्त झिल्ली से मढी मासपेशियो से वनी है। चूकि जीभ की मासपेशिया विभिन्न मात्राओ मे तन सकती हैं फलत जीभ अपने आकार को परिवर्तित कर सकती है। वाणी की ध्वनि रचना मे जीभ के अतिरिक्त तालु, दात और ओठो का हाथ रहता है।

तालु को अग्र (कठोर), अचल तालु और पश्च (कोमल) चल तालु या तालुयवनिका मे विभक्त किया जाता है। तालु के विभिन्न स्थानो मे या ऊपरी दातो पर अपने को सकुचित करती हुई या निकट आती हुई, जीभ निकलती हवा के लिए वाधाओ की रचना करती है। ऐसी ही वाधाओ की रचना (एक दूसरे को दवाते हुए) ओष्ठ कर सकते हैं। एक, दूसरे को दवाते हुए या निकट आते हुए कभी कभी अधर (निचला ओष्ठ) और ऊपरी दात मिलकर इसी प्रकार की वाधाओ की रचना करते है। जव निकलती हुई हवा इन वाधाओ के वीच से गुजरती है तो पूरक ध्वनिया या आवाजे निकलती है जिनके द्वारा विभिन्न ध्वनिया स्पष्ट होती हैं।

ध्वनि और वर्ण

रूसी वर्णमाला मे ३३ वर्ण – а, б, в, г, д, е, ё, ж, з, и, й, к, л, м, н, о, п, р, с, т, у, ф, х, ц, ч, ш, щ, ъ (कठोर चिन्ह), ы, ь (कोमल चिन्ह), э, ю, я होते हैं।

रूसी भाषा मे वर्ण की अपेक्षा ध्वनिया अधिक हैं। ध्वनिया वर्णमाला की सहायता से किस प्रकार व्यजित की जाती है यह समझने के लिए यह जानना अनिवार्य है कि रूसी भाषा मे कौनसी ध्वनिया है और वे किन वर्गो मे विभक्त होती हे।

स्वर और व्यंजन

किसी भी भाषा के समान, रूसी भाषा की ध्वनिया भी स्वरों और व्यजनो मे विभक्त की जाती हैं। इनका भेद इस तथ्य मे है कि स्वर के उच्चारण के समय हवा स्वच्छन्दता से मुख-विवर से गुजरती है जो इस स्थिति मे ध्वनिवर्धक का काम करता है। व्यंजन के उच्चारण के समय मुख-विवर में विभिन्न रुकावटे या वाधाए निर्मित होती हैं। रूसी भाषा के सभी स्वर घोष के साथ उच्चरित होते हैं। व्यजनो में से कुछ घोष के साथ उच्चरित होते है और कुछ विना घोष के। रूसी

भाषा के सभी स्वर प्राय अक्षरीय है और व्यजन निरक्षरीय। मानव-वाणी ध्वनि के सबध से अक्षरो मे विभक्त की जाती है। अक्षर वह ध्वनि या ध्वनिसमूह है जो कि सास के एक धक्के मे उच्चरित हुआ है। अक्षरीय ध्वनि वह अक्षर मे सब से अधिक सुनी जानेवाली ध्वनि है। प्रत्येक अक्षर मे एक अक्षरीय ध्वनि होती है (वह अक्षर की एक ही ध्वनि हो सकती है)। अक्षर की शेष ध्वनिया (अक्षरीय ध्वनि को छोडकर) निरक्षरीय ध्वनि के रूप मे प्रकट होती है। अक्षर मे निरक्षरीय ध्वनिया कई हो सकती हैं। इस प्रकार उदाहरणत хóдит (अन्य पुरुष एकवचन) शब्द मे दो अक्षर हैं (хó-дит) और परिणामत दो अक्षरीय ध्वनिया (о, и) हैं। पहले अक्षर मे निरक्षरीय ध्वनि एक (х) है और दूसरे मे दो (д, т)।

रूसी भाषा के मुख्य स्वर

स्वरो का भेद सबसे पहले जीभ की स्थिति पर निर्भर करता है। स्वरो का विभाजन श्रेणी और उठान के अनुरूप किया जाता है (देखिये तालिका १)। जीभ के उठान के स्थान से श्रेणी का निश्चय किया जाता है। इस दृष्टि से स्वरो का तीन श्रेणियो मे विभाजन होता है पश्च, मध्य और अग्र। पश्च श्रेणी के स्वरो के उच्चारण मे जीभ का पिछला हिस्सा पश्च तालू की ओर उठता है, मध्य स्वरो की श्रेणी के उच्चारण मे जीभ का मध्य भाग मध्य तालु की ओर और अग्र श्रेणी के स्वरो के उच्चारण के समय जीभ का मध्य भाग अग्र तालू की ओर उठता है। जीभ के उठने की मात्रा (या अवस्था) से उठान निश्चित किया जाता है। इस दृष्टि से स्वरो का तीन उठानो मे विभाजन होता है: निम्न, मध्य और उच्च। निम्न उठान के स्वरो के उच्चारण मे जीभ चिपटी पडी रहती है (करीब करीब नही उठती है), मध्य उठान के स्वरो के उच्चारण मे जीभ उठती है, किन्तु विशेष रूप से अधिक नही। उच्च उठान के स्वरो के उच्चारण मे जीभ ऊची उठती है। जीभ का कौनसा हिस्सा उठता है और कितना, इसपर आधारित और उसके अनुसार, ध्वनि-सवर्धक के रूप मे मुख-विवर का परिमाण, मुखाकृति और स्वरूप बदलता है। ये परिवर्त्तन स्वरयत्र मे बनती हुई वाणी को विविध रग या पुट देते है।

ध्वनि a को कतिपय विद्वान मध्य तालू से न सबधित कर पश्च तालू से सबधित करते है। यह दृष्टि मे रखना चाहिए कि निम्न उठान के स्वरो के उच्चारण मे यह निश्चय करना अत्यन्त कठिन है कि जिह्वा-तल का उच्च बिंदु किस विशेष स्थान तक पहुचता और इसलिए मध्य और पश्च श्रेणी के बीच सीमा-निर्धारण कठिन है।

वनि ы कोष्ठकगत है क्योकि वह и ध्वनि के समान स्वतत्र नही है। इसका उच्चारण केवल कठोर व्यजनो के बाद होता है। и शब्द के आरम्भ और कोमल व्यजनो के बाद उच्चरित होता है (इसके विषय में विस्तार से नीचे देखिये)।

о और у स्वर के उच्चारण मे केवल जीभ की स्थिति का ही महत्व नही है वरन् ओठो के काम का भी। о के उच्चारण में ओठ गोल हो जाते है। у के उच्चारण में ओठ केवल गोल ही नही होते वरन् आगे की ओर बाहर बढते है। ओठो की ये चेष्टाये मुख-विवर के परिमाण और आकृति को बदलते है और स्वरयत्र में बनती हुई वाणी को विविध रग या पुट देते है।

तालिका १

रूसी भाषा के मुख्य स्वर

अग्र	मध्य	पश्च	श्रेणी / उठान
и	(ы)	у	उच्च
э		о	मध्य
	а		निम्न

रूसी भाषा के मुख्य व्यंजन

निकलती हुई हवा के लिए बाधाओ (रुकावटो) की रचना के स्थान के अनुसार, इन बाधाओ की रचना के ढग के अनुसार, और आवाज के योगदान के अनुसार व्यजनो का विभाजन होता है।

बाहर निकलती हुई हवा के लिए बाधाओ (रुकावटो) की रचना के स्थान के अनुसार रूसी भाषा के व्यजनो का ओष्ठ्य, ओष्ठ्य-दन्त्य, दन्त्य, तालु-दन्त्य, मध्य तालव्य और पश्च तालव्य में विभाजन होता है। ओष्ठ्य व्यजनो (п, б, м) के उच्चारण में ओठ बाधा या रुकावट की रचना करते है और बद हो जाते हैं। ओष्ठ्य-दन्त्य व्यंजनों (в, ф) के उच्चारण मे हवा निचले ओठ (अधर) और ऊपरी दातों के बीच से गुजरती है। दन्त्या व्यजनो (т, д, с, з इत्यादि) के उच्चारण मे जीभ की नोक ऊपरी दातो को दबाती है या उनके निकट आती है। तालु-दन्त्य व्यजनो (ж, ш, щ, ч) के उच्चारण में जीभ की नोक और

मध्य भाग ऊपरी दातो को और अग्र तालु को दबाते है या उनके निकट आते है। दन्त्य और तालु-दन्त्य व्यजन एकसाथ इस प्रकार अग्र-जिह्वीय कहलाते है। मध्य तालव्य व्यजनो (й) के उच्चारण मे बाधा या रुकावट की रचना जीभ के मध्य भाग और मध्य तालु के बीच होती है। मध्य तालव्य व्यजन इस प्रकार मध्य जिह्वीय कहलाते है। पश्च तालव्य व्यजनो (к, г, х) के उच्चारण मे बाधा या रुकावट की रचना जीभ के पिछले भाग और पश्च तालु के बीच होती है। पश्च तालव्य व्यजन इस प्रकार पश्च जिह्वीय कहलाते है (देखिये तालिका २)।

तालिका २

बाधा की रचना के स्थान के अनुसार व्यंजनो का विभाजन

ओष्ठ्य	ओष्ठ्य-दन्त्य	दन्त्य	तालु-दन्त्य	मध्य तालव्य	पश्च तालव्य		
п		т			к	अघोष	स्पर्श
б		д			г	घोष	
	ф	с	ш, щ		х	अघोष	सघर्षी
	в	з	ж, жж	й		घोष	
		ц	ч				सयुक्त व्यजन (मिलित)
м		н			-	अनुनासिक	स्वनत
		л, р				तरल	

रूसी भाषा के कठोर और कोमल व्यंजन

रूसी ध्वनियो की मुख्य विशेषताओ मे से एक यह है कि रूसी भाषा मे कठोर और कोमल व्यजनो की विशिष्टता है (देखिए तालिका ३)। अधिकाश रूसी व्यजनो की रचना युग्मो मे है जिनमें कठोर और उसके समानान्तर कोमल

ध्वनि होती है जो कठोर से अपनी कोमलता के कारण विभिन्न या अलग हो जाती है। शब्दो के अर्थभेद की स्पष्टता के लिए कठोर कोमल व्यजनो के बीच का भेद अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उदाहरणत ýгол और ýголь ये शब्द एक दूसरे से उच्चारण मे केवल इस बात मे अलग हो जाते है कि पहले मे – कठोर है और दूसरे मे – कोमल।

कोमल व्यज़न अपने समानान्तर कठोर ध्वनियो से जीभ की स्थिति से अलग किए जाते है।

कोमल т, д, с, з, п, б, ф, в, р, л, н, м के उच्चारण मे जीभ का बीच का भाग (अर्थात् जीभ की नोक के पीछे का भाग) हल्का-सा, अग्र तालु की ओर उठता है जैसा कि समानान्तर कठोर ध्वनियो के उच्चारण मे नही होता है। इस प्रकार उदाहरणत कठोर п (цеп) के उच्चारण में केवल ओठ हिस्सा लेते है। कोमल п (цепь) के उच्चारण मे ओठ उसी प्रकार काम करते है जिस प्रकार कि कठोर п के उच्चारण मे किन्तु इसके साथ साथ जीभ का बीच का हिस्सा भी उठता है। कतिपय रूसी व्यजन ध्वनिया कोमलता या कठोरता के अनुरूप युग्म की रचना नही करती। इनमे से कुछ (ц, ш, ж) कठोर है और इनके समानान्तर कोमल व्यजन नही होते। दूसरे (ч, щ, й) कोमल है और उनके समानान्तर कठोर व्यजन नही है।

सामान्य वर्णमाला मे व्यजनो की कोमलता के अभिव्यजन के विपय मे नीचे कहा गया है।

कोमल к, г, х कोष्ठक मे इसलिए दिए गए है क्योकि वे इतने स्वतत्र नही है जितना कि अन्य कोमल ध्वनिया। सामान्यतया वे केवल अग्र श्रेणी के स्वरो से पूर्व उच्चरित होती है е, и। अपवाद केवल कुछ विदेशी व्यक्तिवाचक सज्ञाए प्रस्तुत करती है, उदाहरणत. Кя́хта जहा а के पूर्व कोमल к उच्चरित होता है, इसी प्रकार ткать क्रिया के वर्तमान काल, मध्यम पुरुष एकवचन ткёшь, अन्य पुरुष एकवचन ткёт, उत्तम पुरुष बहुवचन ткем, मध्यम पुरुष बहुवचन ткете के रूप में; ё = о कोमल व्यजन के बाद। अन्य कोमल व्यजन ध्वनिया - समान रूप से पश्च श्रेणी के स्वरो के पूर्व व्यजनो के आगे और शब्द के अन्त मे उच्चरित हो सकती है उदाहरणत нес, тёс, тя́жесть, дово́льно, ого́нь, у́голь, цепь, मास्को आदर्श के अनुरूप щ दीर्घ ш (अर्थात् दोहरे) की तरह उच्चरित होता है। सामान्य ш से भिन्न वह सदा कोमल होता है। लेनिनग्राद मे щ का उच्चारण कोमल шч के समान होता है।

इसी प्रकार दीर्घ (दोहरा) ж कोमल ध्वनि के रूप मे प्रकट होता है। रूसी वर्णमाला मे इसके लिए कोई विशेष वर्ण नही है। उसकी अभिव्यक्ति दोहरे

жж के लेखन की सहायता से (उदाहरणत жужжáть) या зж (उदाहरणत éзжу) की सहायता से की जाती है। दीर्घ कोमल ж, жд (дожди́ — дождь का बहुवचन, дóждик इत्यादि) के लेखन द्वारा भी अभिव्यक्त किया जा सकता है। बहुत-से इमले के प्रभाववश इसका उच्चारण жд के समान करते हैं, किन्तु साहित्यिक भाषा के आदर्श के अनुरूप इसे दीर्घ कोमल ж उच्चरित करना चाहिए। सामान्य ж से भिन्न दीर्घ ж का उच्चारण कोमल होता है। लेनिनग्राद मे (मास्कवीय कोमल жж के अनुरूप) इसका उच्चारण жж के कठोर सयोग के रूप मे होता है।

रूसी भाषा मे अपने कार्य के अनुसार й व्यजन ध्वनियो से सबधित है क्योकि अक्षर की रचना नही करता है। कतिपय स्थितियो में й का उच्चारण व्यजन के समान होता है और इसके उच्चारण मे जीभ का मध्य भाग मध्य तालु के निकट आता है कि जिससे इनके बीच सकीर्ण सन्धि या दरार बन जाती है। अन्य स्थितियो मे अक्षर न बनाते हुए स्वर के समान व्यजन ध्वनि के रूप मे й सामान्यतया स्वर के आगे उच्चरित होता है और इसके साथ स्वराघात से युक्त, उदाहरणत я́ма (उच्चरित होता है [йáма]), ёлка (उच्चरित होता है [йóлка]), райóн। स्वर रूप में निरक्षरीय ध्वनि й स्वराघात युक्त स्वर के बाद उच्चरित होती है (उदाहरणत край, сарáй, кóйка) कितु स्वराघात के आगे केवल एक ही परिस्थिति मे व्यजन ध्वनियो के आगे (उदाहरणत войнá)।

तालिका ३

रूसी भाषा के कठोर और कोमल व्यंजन

कठोर	ц	ш	ж	к	г	х	т	д	с	з	п	б	ф	в	л	р	м	н

(к)	(г)	(х)	т	д	с	з	п	б	ф	в	л	р	м	н	ч	щ	й	कोमल

स्वर के आगे й ध्वनि विरल रूप मे й वर्ण द्वारा अभिव्यक्त की जाती है (райóн)। सामान्य रूप से й का स्वर से सयोग प्रकट करनेवाले я, е, ё, ю विशिष्ट वर्णो का प्रयोग किया जाता है। उदाहरणतः я́ма (я का उच्चारण [йа] के समान होता है, देखिए पृष्ठ १३), éсли (е का उच्चारण [йэ] के समान होता है, देखिए पृष्ठ १४)।

वर्णमाला में कठोर और कोमल व्यंजनों का अभिव्यंजन

शब्द का भाव स्पष्ट करने के लिए कठोर और कोमल व्यंजनो के बीच का भेद जितना महत्वपूर्ण या आवश्यक है उतना ही यह भेद वर्णमाला मे अभिव्यक्त हुआ है, किन्तु रूसी वर्णमाला मे कोमल व्यजनो के लिए विशिष्ट वर्ण नही है। इनकी कोमलता के निर्देशन के लिए इनके पीछे ь लिखा जाता है, या इन व्यजनो के पीछे आनेवाली स्वर ध्वनियो के लिए विशिष्ट वर्ण प्रयुक्त किए जाते है। इस प्रकार उदाहरणत: कोमल व्यजनो के वाद а की जगह я लिखा जाता है क्योकि ряд शब्द मे वर्ण я उसी प्रकार उच्चरित होता है जिस प्रकार рад शब्द मे а किन्तु वतलाता है कि प्रथम स्थिति मे р कोमल है।

रूसी वर्णमाला की कठिनाइयो मे से एक इस वात मे है कि कोमल व्यजन के वाद स्वर ध्वनियो का अभिव्यजन करनेवाले वर्णो का अधिकाश केवल इसी अर्थ मे नही प्रयुक्त होता वरन् इसके अतिरिक्त й व्यजन का तदनुरूप स्वर ध्वनि से सयोग व्यक्त करता है। इस प्रकार उदाहरणत. я́ма शब्द मे я का उच्चारण [йа] के समान होता है।

टिप्पणी. कतिपय विदेशी व्युत्पत्ति के शब्दो मे स्वरों के आगे й उसी विशिष्ट वर्ण से व्यक्त किया जाता है। उदाहरणत райо́н, майо́р।

कठोर व्यजनो के पीछे स्वरो के अभिव्यजन के लिए а, э, ы, о, у वर्ण प्रयुक्त होते है। कोमल व्यजनो के पीछे स्वरो के अभिव्यजन के लिए я, е, и, ё, ю वर्ण प्रयुक्त होते है। (देखिए तालिका ४)

तालिका ४

я, е, ё, ю, ь, ъ वर्णो का प्रयोग

वर्ण	कैसे उच्चरित होता है	किन परिस्थितियो मे	उदाहरण	टिप्पणिया
я	[йа]	स्वरो के वाद, ъ, ь के वाद और शब्द के आरम्भ में:	моя́ изъя́ть семья́ я́ма	
»	[а]	कोमल व्यजनो के वाद.	пять пя́тый	

क्रमशः

वर्ण	कैसे उच्चरित होता है	किन परिस्थितियो में	उदाहरण	टिप्पणिया
е	[йэ]	स्वरो के वाद, ъ, ь के वाद और शब्द के आरम्भ मे	моéй съезд в семьé éсли, ель	
»	[э]	कोमल व्यजनो के वाद.	нет, сесть	
ё	[йо]	स्वरो के वाद, ъ, ь के वाद और शब्द के आरम्भ मे ·	моё съёмка бельё ёлка	विदेशी व्युत्पत्ति के वहुत ही कम शब्दो मे व्यजनो के वाद йо सयोग ьо लेखन द्वारा प्रकट किया जाता है · бульóн, батальóн।
»	[о]	कोमल व्यजनो के वाद·	нёс, лёд	
ю »	[йу] [у]	स्वरो के वाद, ъ, ь के वाद और शब्द के आरम्भ मे .	моió адъютáнт вьióга лью, юг	
		कोमल व्यजनो के वाद.	лióди	
ь	उच्चारण नही होता है	व्यजन के आगे और शब्द के अन्त मे व्यजन की कोमलता व्यक्त करता है :	настóль-ный, путь	केवल व्यजनो के वाद लिखा जाता है।
		स्वर के आगे प्रदर्शित करता है कि स्वरध्वनि के अभिव्यजित करनेवाले वर्ण का उच्चारण तदनुरूप स्वरध्वनि के й के सयोग रूप मे होता हैं :	в семьé, в семьió, без семьи́	

क्रमश

वर्ण	कैसे उच्चरित होता है	किन परिस्थितियो मे	उदाहरण	टिप्पणिया
ъ	उच्चारण नही होता है	व्यक्त करता है कि इसके पीछे वाले वर्ण का उच्चारण तदनुरूप स्वर के साथ й के सयोग रूप में होता है	съезд отъéзд подъем	स्वर के आगे, व्यजन के पीछे लिखा जाता है। ъ के आगे व्यजन का उच्चारण ь के आगे वाले व्यजन से भिन्न नही है।

टिप्पणिया :

१ कतिपय विदेशी शब्दो को छोडकर विशेष रूप से व्यक्तिवाचक सज्ञाओ को छोडकर э करीव करीब व्यजनों के वाद नही लिखा जाता है (उदाहरण Тэн) चूकि रूसी भाषा मे करीव करीव सभी व्यजन э ध्वनि के आगे कोमल हो जाते है (उनको छोडकर जो सामान्य रूप से कोमल नही हो सकते)।

२. ы और и के वीच का सवध, а और я, э और е इत्यादि के सवध की अपेक्षा सर्वथा दूसरा है, वर्ण а और я, э और е की तरह एक ही स्वर ध्वनि का अभिव्यजन करते हैं। ы और и का भेद केवल इसी मे नही है कि प्रथम कठोर और दूसरा कोमल व्यजन के वाद लिखा जाता है किन्तु इसके अतिरिक्त वे विभिन्न स्वर ध्वनियो को अभिव्यक्त करते हैं।

и के उच्चारण मे जीभ का मध्य भाग अग्र तालु की ओर उठता है किन्तु ы के उच्चारण मे जीभ का मध्य भाग मध्य तालु की ओर उठता है।

तालिकाओ के उपयोग के समय लिपि सवधी विशिष्टता का निदर्शन अनिवार्य रूप से ध्यान में रखना चाहिए। इस प्रकार उदाहरणत यदि तालिका मे -я मे समाप्त होनेवाली संज्ञाओ के विषय मे कहा जा रहा है (дерéвня, пáртия इत्यादि) तो इसका अर्थ है कि -а विभक्ति-चिन्ह धारण करनेवाली सज्ञाओ के विषय मे कहा जा रहा है, जिनके आगे प्रकृति के अन्त मे कोमल व्यजन ध्वनि या й है।

ध्यान दीजिए कोमल व्यजनो के वाद o की अभिव्यक्ति के लिए कभी कभी ё लिखा जाता है किन्तु इस चिन्ह का सभी पुस्तको मे उपयोग नही होता, प्राय ऐसी परिस्थितियो मे साधारणत e लिखा जाता है। (तालिकाओ मे e चिन्ह का प्रयोग किया गया है)। इस चिन्ह का प्रयोग केवल स्वराघात से सयुक्त होने पर होता है क्योकि विना स्वराघात के कोमल व्यजन के वाद e और o के उच्चारण मे कोई भेद नही स्पष्ट किया जा सकता दोनो का उच्चारण e और и (нёс, किंतु несла́) के वीच की ध्वनि के समान होता है।

रूसी भाषा के अघोष और घोष व्यंजन

रूसी भाषा मे अघोष और घोप व्यजनो का भेद स्पष्ट करना अत्यन्त आवश्यक है। (घोष का उच्चारण नाद सहित होता है और अघोष नाद रहित उच्चरित होते है)। व्यजनो का एक हिस्सा जोड़ो (अघोष और घोप) की रचना करता है। कतिपय व्यजनो के जोड़े नही है। इनमे से कुछ केवल अघोष रूप मे प्रकट होते है और उनके समानान्तर घोष व्यजन नही है। अन्य घोप रूप मे प्रकट होते है और उनके समानान्तर अघोप व्यजन नही होते। (देखिए तालिका ५)

तालिका ५

रूसी भाषा के अघोष और घोष व्यंजन

अघोप	ц	ч	щ	х	к	т	с	ш	п	ф						
					г	д	з	ж	б	в	л	р	м	н	й	घोष

तालिका मे घोष और अघोष ध्वनियो को कठोर और कोमल मे विना विभाजन के दिया गया है क्योकि यहा इसका कोई महत्व नही है (उदाहरणत कठोर т अघोप ध्वनि रूप मे प्रकट होता है। इसी प्रकार कोमल т अघोष रूप मे प्रकट होता है, д कठोर घोष ध्वनि है और कोमल д भी घोष ध्वनि रूप में प्रकट होता है इत्यादि)।

जैसा कि तालिका मे दिखाई पडता है सयुक्त व्यजन ц और ч रूसी भाषा मे केवल अघोप हो सकते है। रूसी भाषा मे उनके समानान्तर घोष व्यजन

नही है (कतिपय भापाओ मे ऐसे व्यजन होते है)। अघोष щ के समानान्तर घोप ध्वनि है दीर्घ (दोहरी) कोमल ж (इसके विपय मे ऊपर कहा जा चुका है)। किन्तु इसके लिए जैसा कि पहले कहा जा चुका है रूसी लिपि मे कोई विशेप वर्ण नही है, इसे жж के समान या зж रूप मे व्यक्त किया जाता है, उदाहरणत жужжáть, визжáть। л, р, м, н, й के समानान्तर अघोप ध्वनिया नही है। इनमे से л, р, м, н स्वनत (अर्थात ध्वन्यात्मक) व्यंजन कहे जाते है। सभी स्वनत व्यजनो की यह विशेपता है कि इनके उच्चारण मे वाहर निकलनेवाली हवा के लिए रुकावट (जो सभी अन्य व्यजनो के उच्चारण मे होती है) के साथ रुकावट के इर्द-गिर्द या मुख-विवर या नासिका-विवर मे हवा के लिए स्वतत्र मार्ग होता है।

स्वनत व्यजन जिनके उच्चारण मे हवा के लिए मुख-विवर मे स्वतत्र मार्ग होता है तरल (द्रव) कहलाते है। л और р उनसे सवधित है। л के उच्चारण में जीभ का एक पक्ष नीचे गिर जाता है और हवा इसी से गुजरती है। р के उच्चारण मे जीभ की नोक कापती है और या तो अग्र तालु को छूती है (ऊपरी मसूडे पर) और या तो उससे हवा के लिए स्वतत्र मार्ग खोलती हुई उससे अलग हो जाती है।

स्वनत व्यंजन, जिनके उच्चारण मे तालुयवनिका नीचे को लटक जाती है, और वाहर निकलनेवाली हवा के लिए नासिका-विवर से स्वतत्र मार्ग वनाती है, अनुनासिक कहे जाते है। м और н इनसे सवधित है।

स्पर्श, संघर्षी और मिलित व्यंजन

रुकावट वनाने के ढग के अनुसार सभी व्यजन स्पर्श सघर्षी और मिलित व्यजनो मे विभक्त किए जाते है।

स्पर्श व्यंजन के उच्चारण मे (п, т, к और दूसरे) रुकावट की रचना में भाग लेनेवाले अवयव (ओठ, जीभ और दात, जीभ और तालु) पूरे पूरे वद हो जाते है। फेफडो से निकलनेवाली हवा इन वद अवयवो को विस्फारित करती हुई (वीच से तेजी से फाडती हुई) निकलती है (जैसे कि रुकावट का स्फोट करती हुई)। स्पर्श व्यजनो का उच्चारण सहसा होता है। उनको ताना या वढाया नही जा सकता।

सघर्षी (в, с, х और दूसरे) व्यजनो के उच्चारण में रुकावट की रचना में भाग लेनेवाले अवयव (ओठ और दात, जीभ और दांत, जीभ और तालु) केवल निकट आते है, और उनके वीच सकीर्ण दरार रह जाती है। हवा इसी

से गुजरती है और इन निकटवर्ती अवयवो के किनारे को हिलाती है। सघर्षी व्यजनो का दीर्घ उच्चारण होता है और उनको ताना या वढ़ाया जा सकता है।

मिलित या सयुक्त व्यजन (ц, ч) स्पर्श व्यंजनो और सघर्षी व्यजनो के संयोग रूप मे प्रकट होते है। रुकावट वनाने मे योग देनेवाले वाणी के अवयव (जीभ और दात, जीभ और तालु) पूरे पूरे वंद होते है किन्तु शुरु से सकीर्ण दरार छोडते हुए, सहसा नही वरन् धीरे'धीरे खुलते है।

इस वात पर ध्यान देना आवश्यक है कि साहित्यिक रूसी भाषा मे केवल एक पश्च तालव्य घोष व्यजन है। यह है स्पर्श г। इसका समानान्तर सघर्षी व्यजन सामान्यतया नही है।

महत्वपूर्ण ध्वनि परिवर्त्तन

रूसी भाषा की प्राय. सभी आधारभूत ध्वनिया (स्वर और व्यजन समान रूप से), शब्द मे अपनी स्थिति के अनुसार विभिन्न परिवर्त्तनो के अधीन होती है (विना स्वराघात की स्थिति मे, शब्द के अन्त में पड़ोसी ध्वनियो के प्रभाववश)।

स्वराघातहीन स्वर

रूसी भाषा के आधारभूत स्वर ठीक ठीक एक दूसरे से केवल स्वराघात पड़ने पर ही स्पष्ट होते है। विना स्वराघात की स्थिति मे शेष सभी स्वरो में से केवल у ठीक ठीक विस्पष्ट होता है।

विना स्वराघात की स्थिति मे о और а के उच्चारण मे भेद नही रह जाता। कठोर व्यजनो के वाद स्वराघात के पूर्व प्रथम अक्षर मे और शब्द के आरम्भ में किसी भी स्वराघातहीन अक्षर मे, इन दोनो ध्वनियो की जगह а के निकट की ध्वनि सुनाई पडती है, उदाहरणत. водá, домá (дом शब्द का वहुवचन), огурéц करीव करीव [вадá], [дамá], [агурéц]) के समान उच्चरित होते है, शेष स्वराघातहीन अक्षरो मे, इन ध्वनियो की जगह ы के निकट की ध्वनि उच्चरित होती है, ठीक ठीक मध्य श्रेणी, मध्य उठान का अत्यत संक्षिप्त, ह्रस्व स्वर। अर्थात यह ध्वनि ы से इस वात मे अलग या स्पष्ट होती है कि इसके उच्चारण मे जीभ का मध्य भाग मध्य तालु की ओर इतना ऊंचा नही उठता जितना कि ы के उच्चारण में, उदाहरणत. водянóй, гóрод, далекó, пóвар (स्वराघातहीन о और а की जगह इन शब्दो मे ऐसी दुर्वल ध्वनि उच्चरित होती है)।

स्वराघातहीन e और и इसी प्रकार उच्चारण मे करीव करीव नही स्पष्ट होते। वे и के निकट की ध्वनि के समान उच्चरित होते है। उदाहरणत. делá (वहुवचन) करीव करीव [дилá] के समान उच्चरित होता है। कोमल व्यजनो के वाद स्वराघातहीन o और a स्वर इसी प्रकार नही स्पष्ट होते और и के निकट की ध्वनि के समान उच्चरित होते हैं, उदाहरणत нёс (स्वराघात पडने पर कोमल व्यजन के वाद), किन्तु неслá (करीव करीव [нислá] के समान उच्चरित होता है), взял (स्वराघात पड़ने पर कोमल व्यजन के वाद a), किन्तु взялá (करीव करीव [взилá] के समान उच्चरित होता है)।

a ऊष्म के वाद स्वराघात के पूर्व प्रथम अक्षर मे и के निकट की ध्वनि के समान (कोमल ऊष्म के वाद), या ы के समान (कठोर ऊष्म के वाद) उच्चरित होता है, उदाहरणत часы́ करीव करीव [чисы́] के समान उच्चरित होता है, шагáть [шыгáть] के समान, क्योकि प्राचीन साहित्यिक उच्चारण का ऐसा ही आदर्श था। समकालीन भापा में ऊष्म के वाद स्वराघात के पूर्व प्रथम अक्षर मे प्राय: a (шаги́) उच्चरित होता है। ऊष्म व्यजनो के वाद स्वरो के विशिप्ट परिवर्त्तन, (जो कोमल व्यजनो के वाद इन स्वरो के परिवर्त्तन की याद दिलाते हैं) की व्याख्या इस चीज से हो जाती है कि ये सारे ऊष्म, रूसी भापा में किसी समय कोमल थे।

शेप स्वराघातहीन अक्षरो मे स्वराघात के पूर्व प्रथम अक्षर को छोडकर (कोमल व्यजनों के वाद और कोमल ऊष्म के वाद) o, a, e के स्थान में अत्यन्त दुर्वल e और и के वीच की ध्वनि उच्चरित होती है, लेकिन ऊष्म के वाद वैसी ही दुर्वल ध्वनि, जैसी कठोर व्यजनो के वाद सुनाई पड़ती है।

ध्यान देने की वात है कि कर्त्ता कारक एकवचन पुल्लिग के विशेपणो के स्वराघातहीन (-ый) विभक्ति-प्रत्ययो मे ы के स्थान में मध्य श्रेणी, मध्य उठान का दुर्वल स्वर उच्चरित होता है। उदाहरणत крáсный। यदि विशेपण की प्रकृति पश्च तालव्य व्यजन में समाप्त होती है (उदाहरणत: далёкий, стрóгий) पश्च तालव्य व्यजन कठोर उच्चरित होता है, किन्तु उसके पीछे и न उच्चरित होकर मध्य श्रेणी, मध्य उठान का दुर्वल स्वर उच्चरित होता है। वहुत से लिपि शैली के प्रभाववश पश्च तालव्य व्यजन का कोमल उच्चारण करते है और उसके वाद विभक्ति -ий, किन्तु ऐसा उच्चारण नियमानुकूल नही है।

कठोर और कोमल व्यंजनों का स्वरों के साथ संयोग

и केवल शब्द के आरम्भ मे, स्वरो के वाद और कोमल व्यंजनो के वाद सम्भव है। कठोर व्यजनो के वाद (पश्च तालव्य г, к, х को छोडकर) वह सदा ы मे परिवर्त्तित हो जाता है। तुलना कीजिए, उदाहरणत игрáть—сыгрáть, искáть — изыскáния — इससे प्रकृति के अन्त मे कठोर और कोमल व्यजन की रूपसाधना मे ы-и की विभक्ति-प्रत्ययो की तदनुरूपता की व्याख्या हो जाती है। उदाहरणत столы́ — рули́, вóды — зéмли इत्यादि।

и व्यजन г, к, х के वाद ы मे नही परिवर्त्तित होता। ये व्यजन कोमल हो जाते हैं (कोमल г, к, х मे परिवर्त्तित हो जाते हैं), उदाहरणत волк, वहुवचन вóлки (कोमल к)। इसलिए г, к, х के वाद ы करीव करीव कभी नही लिखा जाता। विदेशी उत्पत्ति के वहुत थोडे से शब्द अपवाद स्वरूप हैं · акы́н।

यदि दो पडोसी शब्द विना यति के उच्चरित होते हैं और पहला पश्च तालव्य व्यजन मे समाप्त होता है और दूसरा и से शुरू होता है तो पश्च तालव्य कठोरता सुरक्षित किए रहता है और и ы मे परिवर्त्तित हो जाता है, उदाहरणत волк и кот, к Ивáну का उच्चारण волкыкóт, кывáну होता है, किंतु लिपि शैली मे यह नही अभिव्यक्त किया जाता (लिखा जाता है волк и кот, к Ивáну)।

ऊष्म (ж, ч, ш, щ) और ц का कठोरता और कोमलता के अनुसार भेद नही किया जाता। इनमे से कुछ (ж, ш, ц) कतिपय विरल परिस्थितियो को छोडकर – कतिपय विदेशी व्युत्पत्ति के शब्दो मे парашю́т, брошю́ра, жюри́—सदा कठोर हैं, दूसरे सदा कोमल (ч, щ)। चूंकि लिपि मे इन ध्वनियो की कोमलता और कठोरता का अभिव्यजन नही हुआ इससे उनके वाद प्रत्येक वर्ण युग्म मे से (а—я, у—ю, и—ы) स्वर के निर्देशन के लिए केवल एक वर्ण लिखा जाता है यथा а, у, и (किन्तु я, ю, ы नही) विना इसकी ओर ध्यान दिये कि प्रस्तुत ऊष्म ध्वनि कठोर है या कोमल, उदाहरणत: чай (ч कोमल), чужóй (ч कोमल), жизнь (ж कठोर और फलत. उसके वाद ы उच्चरित होता है)।

अपवाद :

१ केवल कुछ विदेशी व्युत्पत्ति के शब्दो मे ш, ж के वाद ю लिखा जाता है брошю́ра, парашю́т, жюри́ प्रथम दो शब्द कठोर ш से उच्चरित होते हैं, किन्तु жюри́ कोमल ж के साथ उच्चरित होता है।

२ ц के वाद и उसी प्रकार प्रयुक्त होता है जैसे कि ы यद्यपि दोनो

स्थितियो मे ы उच्चरित होता है (ц कठोर के समान), उदाहरणत ци́ркуль, концы́।

ऊष्म के वाद э के अभिव्यजन के लिए सदा е लिखा जाता है। о के अभिव्यजन के लिए о और е (ё) समान रूप से लिखा जाता है, उदाहरणत: мешок, кружо́к (इसी प्रकार उच्चरित होता है) किन्तु шел या шел, же́лтый या жёлтый ([шол, жолтый] उच्चरित होता है)।

यह ध्यान देने की वात है कि यदि पुस्तक मे सामान्यतया वर्ण ё प्रयुक्त होता है तो ऊष्मो के वाद ё लिखा जाता है विना इसपर निर्भर हुए कि ऊष्म व्यजन कोमल है या कठोर है अर्थात् केवल чётный (ч कोमल) ही नही लिखा जाता, वरन् шёл (ш कठोर) भी लिखा जाता है।

ऊष्मो के वाद о प्राय सदा स्वराघात पडने पर लिखा जाता है। केवल विदेशी व्युत्पत्ति के थोडे शब्द (шовини́зм, шоки́ровать, шокола́д, шоссе́, шофёр) अपवाद है।

э, и स्वरो के आगे सभी व्यजन कोमल होते है (उनके अतिरिक्त जो सामान्यतया कोमल नही हो सकते, ऐसे व्यजन ж, ш, ц है)।

अघोष और घोष व्यंजनो का परिवर्तन

अघोष व्यजन वाक्य में घोष व्यजन के आगे घोष हो जाते है (й, р, л, м, н, в के अतिरिक्त)। उदाहरणत сде́лать ([зде́лать] उच्चरित होता है), отбо́р ([одбо́р] उच्चरित होता है), किन्तु съе́хать, три, слой, смыть, снять, свить यहा न केवल लिखे जाते है, वरन् अघोष व्यजन с, т उच्चरित होते है।

अघोष व्यजनो के आगे और शब्द के अन्त मे घोष व्यजन अघोष हो जाते है। उदाहरणत вперёд ([фперёт] उच्चरित होता है)।

स्पर्श, संघर्षी और मिलित व्यंजनो का परिवर्तन

व्यजन ध्वनियो की रुकावट (वाधा) का स्वरूप विरल रूप से परिवर्तित होता है, किन्तु थोडा वहुत परिवर्तन फिर भी होता है और वह यह कि स्पर्श और सयुक्त व्यजन ध्वनिया कतिपय शब्दो में स्पर्श व्यजनो के आगे होने की परिस्थिति मे परिवर्तित होती है। परिवर्तन यह होता है कि व्यजन रचना में भाग लेनेवाले अवयव पूरे पूरे वद नही होते और व्यंजन सघर्षी मे परिवर्तित हो जाते है। इस प्रकार उदाहरणत. ко́гти शब्द मे (ко́готь शब्द का वहुवचन)

г के स्थान पर x उच्चरित होता है (अघोष जैसा कि ऊपर कहा गया है जैसे कि अघोप के आगे घोप व्यजन वन जाता है), мя́гкий शब्द मे इसी प्रकार г की जगह x उच्चरित होता है। что, ску́чно, коне́чно शब्दो मे निश्चय ही ч की जगह ш उच्चरित होता है। अनुनासिक व्यजन н रुकावट के स्वरूप के अनुसार मुख रन्ध्र मे निर्मित (जीभ की नोक और ऊपरी दातो के बीच) स्पर्श रूप मे प्रकट होता है। ध्यान देना आवश्यक है कि वैज्ञानिक विशिष्टता वाले शब्दो मे н के आगे ч सुरक्षित रहता है। उदाहरणत коне́чный (коне́чная величина́), бесконе́чный, бесконе́чность शब्दो मे ч उच्चरित होता है। वहुत से शब्दो मे ч दूसरे स्पर्श व्यजनो के आगे सुरक्षित रहता है, उदाहरणत почти́, привы́чный, привы́чка और दूसरे।

क्रिया के निजवाचक रूप की रचना मे т और с एक मे विलय होकर दीर्घ (दोहरा) सयुक्त व्यजन ц वन जाते है (उदाहरणत. смея́ться उच्चरित होता है смея́цца, смеется—смеёцца के समान)। ऐसा ही विलयन उस स्थिति मे लक्षित होता है जव मूल के अन्तिम व्यजन т के वाद प्रत्यय -ск- आता है। केवल इस स्थिति मे सामान्य (न दीर्घ अर्थात् न दोहरा) ц होता है। उदाहरणत: जल्दी की वातचीत मे де́тский शब्द де́цкий के समान उच्चरित होता है। दूसरी परिस्थितियो मे ऐसा विलयन नही होता। उदाहरणत отсе́чь, отскочи́ть शब्दो मे тс ऐसा ही उच्चरित होता है।

रूसी लिपिमाला के आधारभूत सिद्धांत

रूसी लिपिमाला मुख्य रूप पदाकृतिमूलक सिद्धान्त पर आधारित है, अर्थात् लेखन के अपरिवर्त्तनशील रूप मे शब्द के प्रत्येक महत्वपूर्ण भाग (धातु, उपसर्ग, प्रत्यय, विभक्ति की सुरक्षा विशेपतया उन परिस्थितियो मे जव कि इस महत्वपूर्ण भाग का उच्चारण स्वराघात या दूसरी ध्वनियो से सयोग के कारण परिवर्त्तित होता है। इस प्रकार उदाहरणत дом शब्द के कर्त्ता कारक वहुवचन के मूल मे дома́ о उसी प्रकार लिखा जाता है जिस प्रकार एकवचन मे यद्यपि वहुवचन मे स्वराघात अन्तिम अक्षर पर पडता है और स्वराघातहीन о का उच्चारण а के समान होता है।

इस सिद्धान्त से केवल कतिपय परिस्थितियो मे ही उच्चारण के पक्ष में अपवाद किये जाते है, उदाहरणत' उपसर्ग из-, воз-, низ-, раз-, без-, чрез- उच्चारण के अनुरूप लिखे जाते है избега́ть किंतु исходи́ть, возбужде́ние किन्तु восхожде́ние, низверга́ться किन्तु ниспада́ть, разбега́ться किन्तु расходи́ться, безрабо́тный किन्तु беспоко́йный, чрезме́рный।

कतिपय लेखनो की व्याख्या ऐतिहासिकता के द्वारा हो जाती है। उदाहरणत -шь क्रिया के मध्यम पुरुष एकवचन की विभक्ति में जहा ш कठोर उच्चरित होता है (говори́шь — [говори́ш] के समान उच्चरित होता है)। प्राचीन रूसी में ш कोमल था।

ध्वनियों का अन्तर्परिवर्तन

एक ही शब्द के विभिन्न रूपो की रचना मे और प्रत्ययो की सहायता से शब्द रचना मे कभी कभी एक ध्वनि का स्थानापन्न दूसरी ध्वनि बन जाती है (स्वर और व्यजन समान रूप से) और इसी प्रकार स्वरो का मूलो में और प्रत्ययो मे लोप होता है। एक ध्वनि का दूसरी ध्वनि द्वारा स्थानापन्न होना अन्तर्परिवर्त्तन कहलाता है, और लुप्त होनेवाले स्वर लोपी स्वर कहलाते है।

रूसी भाषा में स्वरो की अपेक्षा व्यजनो का अन्तर्परिवर्त्तन अधिक व्यापक है।

तालिका ६

स्वरो का महत्वपूर्ण अन्तर्परिवर्त्तन

कौनसे स्वर अन्तर्परिवर्तित होते है	उदाहरण	टिप्पणिया
о — а	ло́мит — выла́мывает смо́трит — просма́тривает	अन्तर्परिवर्त्तन सामान्यतया क्रियाओ की धातु में, क्योकि धातु मे а धारण करनेवाली क्रियाए सामान्यतया दीर्घ समय तक चलनेवाले कार्य तथा पुनरावृत्त होनेवाले कार्य को अभिव्यक्त करती है।
е — и — о	запере́ть — запира́ть — запо́р беру́ — собира́ть — сбор	अन्तर्परिवर्त्तन सामान्यतया क्रियाओ की धातुओ और क्रियाओ से बनी सज्ञाओ मे।

क्रमश.

कौनसे स्वर अन्तर्परिवर्त्तित होते है	उदाहरण	टिप्पणिया
		e और и का भेद केवल लेखन सवधी है। क्योकि स्वराघातहीन परिस्थिति मे e और и के उच्चारण मे कोई भेद नही स्पष्ट किया जा सकता।
о—ы	сóхнуть—засыхáть задохнýться—задóхся—задыхáться вздох—вздыхáть	e—и, о—ы का अन्तर्परिवर्त्तन सामान्यतया क्रियाओ की धातुओ मे क्योकि и, ы धारण करनेवाली क्रियाए अधिक दीर्घ समय तक चलनेवाले या पुनरावृत्त कार्य को अभिव्यक्त करती है। о सामान्यतया क्रिया से बनी सज्ञाओ के मूल मे।

तालिका ७

लोपी स्वर

कौनसे स्वर	उदाहरण	टिप्पणियां
о	сон—сна, рот—рта	स्वरो का हटना या लोप अधिकतर. १. पुल्लिग और कभी कभी स्त्रीलिग शब्दो के मूल मे जो व्यजनो मे समाप्त होते है। एकवचन के सभी विकृत कारको मे अर्थात् कर्ता को छोडकर सभी कारको मे और बहुवचन के सभी कारको मे। २ -ок, -ек, -ец युक्त शब्दो मे एकवचन के कर्ता को छोडकर अन्य कारको मे और बहुवचन के सभी कारको मे। ३. स्त्रीलिंग और नपुसक लिग के सक्षिप्त विशेषणो मे।
	рожь—ржи	
е	день—дня, лев—льва	
о	стрелóк—стрелкá	
е	молодéц—молодцá	
о	лóвок—ловкá—лóвко	
е	бóлен—больнá—больнó	

क्रमशः

कौनसे स्वर	उदाहरण	टिप्पणिया
o e	гоню́—гнать беру́—брать	४ कतिपय क्रियाओ के साधारण रूपो के मूलो मे जिनके वर्त्तमान काल के मूल मे स्वर होता है।
		स्वराघातहीन परिस्थितियो में, जैसा कि ज्ञात है, o और a का भेद नही रह जाता। स्वराघात के बाद वाले अक्षर मे दोनो का एक ही दुर्वल स्वर मे तादात्म्य हो जाता है, किन्तु चूकि स्वराघात पडने पर केवल लोपी o सभव है किन्तु लोपी a नही, हम समझते है कि ло́вок शब्द के अन्तिम अक्षर मे o की जगह दुर्वल स्वर है।
e (ė)	лев—льва уголек—уголька́ бо́лен—больна́	कोमल л के वाद स्वर के लोप होने पर या हटने पर л की कोमलता सुरक्षित रहती है इसलिए इसके वाद कोमल चिन्ह् लिखा जाता है।
o e	па́лка (ब० व० सबध па́лок) ру́чка (ब० व० सबध ру́чек)	कठोर व्यजन के वाद o प्रकट होता है। कोमल के वाद अधिकतर प्रत्यय -к- के साथ स्त्रीलिग शब्दो के सबध कारक वहुवचन मे व्यजनो के वाद e।
и ы	собира́ть—собра́ть начина́ю—начну́ посыла́ть—посла́ть ты́кать—ткнуть замыка́ть—замкну́ть	केवल क्रियाओ की धातुओ मे। и, ы से सयुक्त रूप सामान्यतया अधिक दीर्घ या पुनरावृत्त कार्य व्यक्त करते है।

तालिका ८

व्यंजनो का महत्वपूर्ण अन्तर्परिवर्त्तन

कौनसे व्यजन अन्तर्परिवर्त्तित होते है	उदाहरण	टिप्पणिया
к—ч	рука́—ру́чка пук—пучо́к му́ка—му́чить восто́к—восто́чный крик—крича́ть кре́пкий—кре́пче	ч, ж सामान्यतया प्रत्ययो के आगे जो स्वर е और и मे शुरू होते है, -ок(-ек), -к(а), -н- प्रत्ययो के आगे और इसी प्रकार क्रियाओ की कतिपय धातुओ में। ц सामान्यतया सज्ञाओ से बने विशेषणो में प्रकट होता है, -к(ий) प्रत्यय के आगे, г, ж के साथ з अन्तर्परिवर्त्तन मे कुछ ही परिस्थितियो में प्रकट होता है।
к—ч—ц	рыба́к—рыба́чить—рыба́цкий	
г—ж	нога́—но́жка доро́га—доро́жка флаг—флажо́к нога́—ножно́й ля́гу—лег—лежа́ть—лежу́ дорого́й—доро́же стро́гий—стро́же	
т—ж—з	друг—дружо́к—дру́жеский—друзья́	
ц—ч	овца́—овчи́на—ове́чка лицо́—ли́чный огуре́ц—огу́рчик па́лец—па́льчик	ц की जगह ч सामान्यतया व्युत्पन्न शब्दो मे е और и स्वरो के आगे, -к(а), -н-, -ок, -ек प्रत्ययो के आगे।

क्रमश.

कौनसे व्यजन अन्तर्परिवर्त्तित होते है	उदाहरण	टिप्पणिया
х — ш	пахáть — пашý — пáшня махáть — машý пух — пушóк старýха — старýшка страх — стрáшный ýхо — ýши сухóй — сýше глухóй — глýше	ш सामान्यतया क्रियाओ के वर्त्तमान काल मे प्रत्ययो के और विभक्तियो के आगे जो е, и स्वर मे शुरू होती है और इसी प्रकार -ок(-ек), -к(а), -н- प्रत्ययो के आगे।
с — ш	писáть — пишý (пи́шешь) проси́ть — прошý (прóсишь) носи́ть — ношý (нóсишь) — нóша высóкий — вы́ше	ш, ж मुख्य रूप मे: १ क्रियाओ के मूल के अन्त मे वर्त्तमान काल मे (साधारण क्रिया मे с, з होने पर), -ать वाली क्रियाओ में (писáть, лизáть) ऊष्म व्यजन वर्त्तमान काल के सभी रूपो मे, -ить वाली क्रियाओ मे (проси́ть, вози́ть) ऊष्म व्यजन केवल उत्तम पुरुप एकवचन मे; २ मूल के वाद -а विभक्ति-चिन्ह से युक्त क्रियार्थक सज्ञा मे। ३ विशेपणो की उत्तरावस्था में।
з — ж	лизáть — лижý (ли́жешь) вози́ть — вожý (вóзишь) ни́зкий — ни́же	
т — ч	ответить — отвéчу (отвéтишь) — отвечáть колоти́ть — колочý (колóтишь) — поколáчивать	ч सामान्यतया वर्त्तमान काल के उत्तम पुरुप एकवचन मे (कभी कभी दूसरे पुरुषो मे), पूर्णताद्योतक क्रियाओ से वनी हुई अपूर्णताद्योतक क्रियाओ में और इसी प्रकार विशेपणो की उत्तरावस्था में।

कौनसे व्यजन अन्तर्परिवर्त्तित होते है	उदाहरण	टिप्पणिया
	молоти́ть—молочу́ (моло́тишь)—обмола́чивать хоте́ть—хочу́ (хо́чешь) круто́й—кру́че	
т—ч—щ	свети́ть—свечу́ (све́тишь)—свеча́—свече́ние—освеща́ть—просвеща́ть—освеще́ние—просвеще́ние трепета́ть—трепещу́ (трепе́щешь) похи́тить—похи́щу (похи́тишь)—похища́ть—похище́ние	щ मुख्य रूप से क्रियार्थक सज्ञाओ में जो -ение मे समाप्त होती है, और इसी प्रकार पूर्णताद्योतक क्रियाओ से बनी अपूर्णताद्योतक क्रियाओ मे। ध्यान दीजिये कभी -ение वाली सज्ञाओ मे ч होता है (свече́ние)। т के साथ अन्तर्परिवर्त्तन मे щ प्राचीन स्लाव से व्युत्पन्न शब्दो और रूपो मे प्रकट होता है।
д—ж	ви́деть—ви́жу (ви́дишь) сиде́ть—сижу́ (сиди́шь)—поси́живать молодо́й—моло́же молодо́й—омолоди́ть—омоложу́ (омолоди́шь)—омоложа́ть—омоложе́ние	ж मुख्य रूप से क्रियाओ के वर्त्तमान काल के उत्तम पुरुष एकवचन मे, पूर्णताद्योतक क्रियाओ से बनी हुई अपूर्णताद्योतक क्रियाओ मे, और विशेषणो की उत्तरावस्था मे।

क्रमशः

कौनसे व्यंजन अन्तर्परिवर्त्तित होवे है	उदाहरण	टिप्पणिया
д—ж—жд	ходи́ть—хожу́ (хо́дишь)—пожа́живать—хожде́ние охлади́ть—охлажда́ть—охлажде́ние проводи́ть—провожа́ть—сопровожда́ть—сопровожде́ние роди́ть—рожу́ (роди́шь)—рожа́ть—рожда́ть—рождён—рожде́ние	жд मुख्य रूप से क्रियार्थक सज्ञाओ मे जो -ение में समाप्त होती है, पूर्णताद्योतक क्रियाओ से बनी हुई अपूर्णताद्योतक क्रियाओ मे और इसी प्रकार कर्मवाचक भूतकालिक कृदन्तो मे। ध्यान दीजिये. कभी कभी -ение वाली सज्ञाओ में ж होता है (омоложе́ние)। д के साथ अन्तर्परिवर्त्तन मे жд प्राचीन स्लाव से व्युत्पत्त शब्दो और रूपो मे।
ск—щ	доска́—доще́чка иска́ть—ищу́ тре́скаться—тре́щина—треск—треща́ть	щ सामान्यतया प्रत्ययो के आगे जो e, и स्वर मे शुरू होते है, इसी प्रकार उन क्रियाओ के वर्त्तमान काल मे जिनके साधारण क्रिया रूपो मे a होता है।
ст—щ	пусти́ть—пущу́ (пу́стишь) блесте́ть—блещу́ (блести́шь) густо́й—гу́ще просто́й—про́ще то́лстый—то́лще	ст की जगह щ सामान्यतया कतिपय क्रियाओ के उत्तम पुरुष एकवचन में, और इसी प्रकार तुलनात्मक मात्रा वाले विशेषणो में।

क्रमश.

कौनसे व्यजन अन्तर्परिवर्तित होते है	उदाहरण	टिप्पणिया
п — пл	топи́ть (в воде́) — топлю́ (то́пишь) — затопля́ть — затопле́ние топи́ть (печь) — топлю́ (то́пишь) — отопля́ть — отопле́ние терпе́ть — терпе́ние — терплю́ (те́рпишь)	सभी स्थितियो मे कोमल л। л के साथ सयोग सामान्यतया -ить (я люблю́) वाली क्रियाओ के उत्तम पुरुष एकवचन मे, पूर्णताद्योतक क्रियाओ से बनी अपूर्णताद्योतक क्रियाओ मे, क्रियार्थक सज्ञाओ मे और इसी प्रकार तुलनात्मक मात्रा वाले विशेषणो मे। ध्यान दीजिये . -ение वाली क्रियार्थक सज्ञाओ मे बिना л के ओष्ठ्य व्यजन हो सकता है (терпе́ние)।
б — бл	люби́ть — люблю́ (лю́бишь) оскорби́ть — оскорблю́ (оскорби́шь) — оскорбле́ние	
в — вл	лови́ть — ловлю́ (ло́вишь) — ло́вля дешевый — деше́вле	
ф — фл	графи́ть — графлю́ (графи́шь)	
м — мл	ломи́ть — ломлю́ (ло́мишь) — преломля́ть — преломле́ние томи́ть — томлю́ (томи́шь) — томле́ние	

क्रमश :

कौनसे व्यजन अन्तर्परिवर्तित होते हैं	उदाहरण	टिप्पणिया
л—л (कोमल)	стлать—стелю́ стол—насто́льный комсомо́л—комсо́мольский	कोमल л सामान्यतया उन क्रियाओ के वर्तमान काल में जिनके सामान्य क्रिया रूप मे कठोर л है, और -н-, -ск प्रत्ययो के आगे।
р—р (कोमल)	бу́рный—бу́ря секрета́рский—секрета́рь	-н- प्रत्ययो के आगे कठोर р।
н—н (कोमल)	гнать—гоню́ ко́нский—конь	कोमल н उन क्रियाओ के वर्तमान काल मे जिनके साधारण क्रिया रूप मे कठोर н है। -ск- प्रत्यय के आगे कठोर н।

कभी कभी एक साथ ही स्वर और व्यजन का अन्तर्परिवर्तन देखने को मिलता है, उदाहरणत хо́дит—похáживает, но́сит—занáшивает, лежу́—ля́гу—лёг—положи́ть।

रूसी भाषा में स्वराघात के विषय में कतिपय टिप्पणियां

रूसी भाषा मे स्वराघात विभिन्न शब्दो मे विभिन्न अक्षरो पर पडता है।

कतिपय परिस्थितियो मे स्वराघात के स्थान-भेद से शब्दो का अर्थभेद या वैयाकरणिक रूपो का भेद सबद्ध हो जाता है। उदाहरणत зáмок—замо́к; руки́ (सबध कारक एकवचन)—ру́ки (कर्त्ता कारक बहुवचन), му́ка—мукá; страны́ (सबंध कारक एकवचन)—стрáны (कर्त्ता कारक बहुवचन); кру́гом (करण कारक एकवचन круг शब्द से)—круго́м (क्रियाविशेषण), отрезáть (अपूर्णताद्योतक पक्ष)—отре́зать (पूर्णताद्योतक पक्ष); сбегáть (अपूर्णताद्योतक पक्ष)—сбе́гать (पूर्णताद्योतक पक्ष)।

अन्तिम परिस्थिति मे स्वराघात के स्थान-परिवर्तन से केवल वैयाकरणिक रूपो का भेद ही नही संबद्ध है वरन् शब्द का अर्थभेद भी।

сбегáть—नीचे की ओर दौड़ना।

сбе́гать—किसी ओर तेजी से दौडकर पहुचना और लौटना।

सामान्यतया शब्दकोष और अरूसी स्कूलो के लिए पाठ्यपुस्तको मे स्वराघात निर्दिष्ट रहता है। एक ही शब्द के विभन्नि रूपो की रचना मे (अर्थात् रूपसाधना और क्रिया रूप के विकार मे) स्वराघात कतिपय परिस्थितियो मे अपना स्थान सुरक्षित रखता है और अन्य परिस्थितियो मे दूसरे स्थान पर जाता है। इस सक्षिप्त लेख मे पूर्णतया (स्वराघात के) स्थानान्तरण के नियमो की व्याख्या सभव नही, यहा पर केवल कतिपय आधारभूत प्रकारो का उल्लेख होगा।

स्वराघात सभी रूपो मे अपना स्थान सुरक्षित रखता है और स्थिर तथा निश्चित रहता है.

१ स्त्रीलिग और नपुसक लिग सज्ञाओ मे, और इसी प्रकार उन पुल्लिग सज्ञाओ मे, जो कर्त्ता कारक बहुवचन मे विभक्ति-चिन्ह —ы, —и धारण करती है उस परिस्थिति मे यदि स्वराघात कर्त्ता कारक एकवचन मे न अन्तिम पर अक्षर और न आरम्भिक अक्षर पर पडता है। उदाहरणत побéда, загáдка, строéние, завóд, руководи́тель शब्दो मे।

पुल्लिग सज्ञाओ मे जिनका स्वराघात कर्त्ता कारक एकवचन मे न अन्तिम अक्षर पर पडता है और न आरम्भिक अक्षर पर किन्तु जो साथ ही कर्त्ता कारक वहुवचन मे -а(-я) विभक्ति-प्रत्यय धारण करती है। एकवचन के सभी रूपो मे स्वराघात एक ही और उसी अक्षर पर पडता है और वहुवचन के सभी रूपो मे विभक्ति-प्रत्यय पर पडता है। उदाहरणत профéссор, सवध कारक профéссора इत्यादि, учи́тель, सवध कारक учи́теля इत्यादि; वहुवचन профессорá, सवध कारक профессорóв, учителя́, सवध कारक учителéй* इत्यादि।

यह न सोचना चाहिए कि स्वराघात अपना स्थान केवल उल्लिखित प्रकार की सज्ञाओ मे ही सुरक्षित रहता है। वह दूसरे प्रकार के शब्दो मे भी सुरक्षित रह सकता है। उदाहरणत студéнт, тетрáдь।

२ क्रियाओ मे उस परिस्थिति मे, यदि स्वराघात साधारण क्रिया रूप मे अन्तिम अक्षर पर नही पडता है, उदाहरणत пáдать, слýшать, дýмать शब्दो मे।

इसपर ध्यान देना चाहिए कि कतिपय क्रियाओ मे, जिनमे साधारण क्रिया मे स्वराघात अन्तिम अक्षर पर है स्वराघात नही स्थानान्तरित करता, उदाहरणत читáть—читáю, нести́—несý।

३ विशेषणो मे, रूपसाधना मे स्वराघात नही स्थानान्तरित होता। किन्तु वह तुलनात्मक मात्रा के विशेषणो की रचना मे स्थानान्तरित हो जाता है और इसी प्रकार स्त्रीलिग सक्षिप्त विशेषण रूप मे· крáсный—крáсного—краснéе, крáсен—краснá।

---

* विस्तार के साथ इस विषय मे तालिका २३ मे।

२. संज्ञा

आरम्भिक टिप्पणियां

रूसी भाषा में सज्ञा के आधारभूत वैयाकरणिक रूप : लिग, वचन और कारक हैं। लिग रूप उसकी विशेषताओ में से एक है। लिगानुरूप सज्ञा के तीन भेद होते हैं : पुल्लिंग, स्त्रीलिग और नपुसक लिग।

१. व्यक्ति और कतिपय पशुओ के नाम को प्रकट करनेवाली सज्ञाओ का लिग रूप उनके नैसर्गिक लिग विचार से निश्चित किया जाता है। शेष परिस्थितियो में वैयाकरणिक लिग उनके शब्दात से निश्चित होता है।

सज्ञा का लिग अनुरूपता से प्रकट होता है अर्थात् सज्ञाओ से सम्बद्ध विशेषणों, अधिकाश सर्वनामों, क्रमवाचक सख्याओ और भूतकाल की क्रियाओ का शब्दान्त परिवर्तन सज्ञा के लिग के अनुरूप होता है। उदाहरण के लिए большóй дом (पुल्लिंग), большáя кóмната (स्त्रीलिग), большóе окнó (नपुसक लिग), наш пéрвый урóк (पुल्लिग), нáша пéрвая рабóта (स्त्रीलिग), нáше пéрвое задáние (नपुसक लिग), пруд замёрз, рекá замёрзла, óзеро замёрзло (इनके विषय में विशेष रूप से प्रासगिक तालिकाओ में कहा गया है)।

२. रूसी भाषा मे छ कारक हैं : कर्त्ता кто? что? प्रश्न का उत्तर है; संबध когó? чегó?; संप्रदान комý? чемý?; कर्म когó? что?; करण кем? чем?, अधिकरण о ком? о чём?

३. इन कारको का मुख्य प्रयोजन जो कि दूसरी भाषाओ में भी तदनरूप पाये जाते है निम्नलिखित है :

कर्त्ता कारक कर्त्ता या क्रिया के करनेवाले को प्रकट करता है (товáрищ читáет);

संबंध कारक स्वामित्व या अधिकार को प्रकट करता है (кни́га товáрища);

संप्रदान कारक उस व्यक्ति को बताता है जिसके लिए क्रिया सपन्न की जाती है (пишý товáрищу);

कर्म कारक उस व्यक्ति या पदार्थ को सूचित करता है जिसपर क्रिया का प्रभाव पडता है या जिसे क्रिया का फल प्राप्त होता है (получи́л письмо́, ви́дел това́рища);

करण कारक क्रिया के करण या साधनो को प्रकट करता है (пишу́ ме́лом),

अधिकरण कारक केवल उपसर्ग के साथ ही प्रयुक्त होता है (इसके आशय के लिए तालिका ३२ देखिये)।

४ रूसी भाषा मे कतिपय सज्ञाए ऐसी भी है जिनकी रूपसाधना नही होती है। ये दूसरी भाषाओ से आये हुए उधार लिए हुए शब्द है। इनमें से प्राय. सभी नपुसक लिग के है। उदाहरणार्थ: пальто́, кино́, метро́, ра́дио, бюро́, шоссе́, жюри́, клише́ आदि। (पशुओ को द्योतित करनेवाली समान सज्ञाओ के लिग के विषय मे तालिका ११, पृष्ठ ३८–३९ मे देखिये।)

५ कतिपय सज्ञाए केवल एकवचन मे प्रयुक्त होती है, अन्य केवल बहुवचन मे (देखिये तालिका १४, पृष्ठ ४९)।*

तालिका ९

संज्ञाओं का लिंग

एकवचन		
पुल्लिग	स्त्रीलिग	नपुसक लिग
शब्द के अन्त मे:		
कठोर व्यजन	-а	-о
труд, колхо́з, лес	страна́, ро́дина, газе́та	окно́, письмо́, де́ло
-й	-я	-е, -ё
бой, май, музе́й	земля́, дере́вня, пе́сня, струя́, па́ртия, револю́ция	мо́ре, зда́ние, ружьё, по́ле, уще́лье, копьё, па́стбище

---

* कारको के अन्य प्रयोजनो के विषय मे तालिकाएं २४–२७ देखिये।

क्रमश:

एकवचन		
पुल्लिग	स्त्रीलिग	नपुसक लिग
शब्द के अन्त में.		
कोमल व्यजन	कोमल व्यजन	-мя
день, дождь, путь	жизнь, власть, площадь	и́мя, время, зна́мя
कठोर या कोमल ऊष्म व्यजन	कठोर या कोमल ऊष्म (शब्द के अत में ь लिखा जाता है)	
нож, каранда́ш, луч, плащ	рожь, тишь, ночь, помощь	

टिप्पणियां : १ शब्दान्त मे कोमल व्यंजन वाली सज्ञाए पुल्लिग और स्त्रीलिग दोनो हो सकती है। सबध कारक के रूप से उनका लिग निश्चित किया जा सकता है (पुल्लिग дождь—дождя́; स्त्रीलिग плóщадь—плóщади)। कतिपय परिस्थितियो मे लिग निर्धारण कर्ता कारक में लगे हुए प्रत्ययो से भी सभव है·

(अ) प्रत्यय -тель (чита́тель, писа́тель, руководи́тель) और प्रत्यय -арь (секрета́рь, библиоте́карь, па́харь) से युक्त (व्यक्ति की उपाधि द्योतित करनेवाली) सभी सज्ञाए पुल्लिग है;

(आ) -ость, -есть प्रत्यय से युक्त सभी सज्ञाए स्त्रीलिग है (ра́дость, но́вость, производи́тельность, тя́жесть, све́жесть)।

शेप परिस्थितियो में ь में अन्त होनेवाली पुल्लिग और स्त्रीलिग सज्ञाओ के प्रयोग को याद रखने की आवश्यकता है, (देखिये तालिका १२, पृष्ठ ४१)।

२. ऊष्म (कोमल और कठोर) व्यजन वाली पुल्लिग और स्त्रीलिग सज्ञाए लिपि शैली से स्पष्ट हो जाती है. स्त्रीलिग सज्ञाओ के कर्त्ता कारक एकवचन मे उनके अत में सदा ь लिखा जाता है चाहे ये ऊष्म कठोर हो या कोमल (рожь, тишь, ночь, по́мощь), पुल्लिग सज्ञाओ के अत में ь कभी नही लिखा जाता है (нож, каранда́ш, луч, плащ)।

३ कतिपय (उपाधि सूचित करनेवाली) पुल्लिंग सज्ञाओ के शब्दान्त में -а(-я) होता है (ю́ноша, дя́дя) (देखिये तालिका १०)।

४. लघुताद्योतक प्रत्ययो -ушк-, -ишк-, -онк-, -ёнк- से युक्त पुल्लिग (जीवधारी) सज्ञाओ का शब्दान्त -а और (निर्जीव पदार्थवाचक सज्ञाओ का शब्दान्त) -о हो सकता है. де́душка, мальчи́шка, мужичо́нка, городи́шко, доми́шко; महन्ताद्योतक -ищ-, -ин- प्रत्ययो से युक्त सज्ञाओ के शब्दान्त मे -е, -а हो सकता है, -ищ- प्रत्यय से युक्त का शब्दान्त -е (парни́ще, дружи́ще, голоси́ще), और -ин प्रत्यय से युक्त सज्ञाओ का शब्दान्त -а (дети́на) हो सकता है।

५ रूसी भाषा मे १० शब्दो के अन्त मे -мя आता है। ये सभी नपुसक लिग वाचक सज्ञाए है и́мя, вре́мя, зна́мя, се́мя, те́мя, бре́мя, пле́мя, пла́мя, вы́мя, стре́мя।

६ अव्यय रूप में प्रयुक्त होनेवाले (अर्थात् जिनकी रूपसाधना नही होती) दूसरी भाषा के उधार लिए हुए विदेशी शब्द नपुसक लिग है (пальто́, кино́, жюри́, пари́, боа́) यदि वे निर्जीव पदार्थो के वाचक है केवल ко́фе को छोड़कर जो पुल्लिग है (люблю́ кре́пкий ко́фе), और यदि वे जीवधारियो का द्योतन करते है तो वे पुल्लिग है।

तालिका १०

संज्ञा का लिंग

(संज्ञाए व्यक्तिवाचक)

I पुल्लिग और स्त्रीलिग सज्ञाए जिनका शब्दान्त सामान्य रूप से जन्मजात लिग सूचित करता है।

	पुल्लिग	स्त्रीलिग
१ पुल्लिग और स्त्रीलिग प्रकट करनेवाली सज्ञाए जिनका शब्दान्त जन्मजात लिग के समानुरूप है।	брат ма́льчик	сестра́ де́вочка
२ पुल्लिग और स्त्रीलिग व्यक्तिवाचक सज्ञाए जिनका जन्मजात लिग न केवल शब्दात से ही स्पष्ट होता वरन् प्रत्ययो से भी स्पष्ट होता है।	учени́к комсомо́лец студе́нт стари́к летчик	учени́ца комсомо́лка студе́нтка стару́ха летчица

टिप्पणियां: १. अधिकतर उपाधि, पेशा आदि सूचित करनेवाली पुल्लिंग संज्ञाएं स्त्रीलिंग में भी समान रूप से व्यवहृत होती हैं. Онá хорóший педагóг, óпытный врач. Секретáрь вы́шла. С доклáдом выступáла профéссор Ивановá Премировáли садовóда Игнáтьеву.

२. человéк, друг, товáрищ इन पुल्लिंग शब्दों के समान रूप स्त्रीलिंग शब्द नहीं होते Онá прекрáсный человéк. Пришлá товáрищ Ивановá.

II. शब्दान्त -а(-я) से युक्त पुल्लिंग संज्ञाएं।

१ शब्दान्त -а(-я) से युक्त कतिपय पुल्लिंग संज्ञाएं हैं. мужчи́на, ю́ноша, дя́дя, судья́ (Он справедли́вый судья́, онá справедли́вый судья́), стáроста (Он хорóший стáроста, онá хорóший стáроста) और प्राचीन शब्द воевóда, вельмóжа।

२ पुरुषों के नामों का शब्दान्त -а(-я) हो सकता है: Лукá, Кузьмá और लघुताद्योतक (या संक्षिप्त) नाम: Алеша, Вóва, Сéва, Волóдя, Пéтя, Вáня, Вáля, Кóля आदि।

३. लघुताद्योतक प्रत्ययों से युक्त संज्ञाएं शब्दान्त में -а रखती हैं: дéдушка, мальчи́шка, старичи́шка, старикáшка, мужичóнка।

III. -е शब्दान्त से युक्त पुल्लिंग संज्ञाएं।

-е शब्दान्त वाली संज्ञाएं: (अ) महत्ताद्योतक प्रत्ययों से युक्त парни́ще, дружи́ще, мастери́ще। (आ) शब्द подмастéрье।

IV. संज्ञा дитя́ नपुंसक लिंग है।

V -а में अन्त होनेवाली संज्ञाएं, जो उभय लिंग हैं।

-а में अंत होनेवाली ऐसी संज्ञाएं हैं जिनका लिंग-निर्धारण इस बात पर निर्भर है कि वे किस व्यक्ति से संबंधित हैं अर्थात् वह व्यक्ति पुरुष है या स्त्री।	сиротá, калéка, зевáка, неря́ха, запевáла, вы́скочка, плáкса, у́мница, тупи́ца, невéжа, невéжда. Эта дéвочка—кру́глая сиротá.

	Этот ма́льчик — кру́глый сирота́. Этот ма́льчик — кру́глая сирота́. Кака́я ты пла́кса! Како́й ты пла́кса!
यदि स्त्री के विषय मे कहा जा रहा है तो ये सज्ञाए स्त्रीलिग हो जाती है और उनसे सबधित विशेषण, सर्वनाम और भूतकाल की क्रियाए उनके अनुरूप शब्दात धारण करती है। यदि पुरुष के विषय मे कहा जा रहा है तो विशेषण, सर्वनाम और भूतकाल की क्रियाए पुल्लिग और स्त्रीलिग दोनो मे प्रयुक्त हो सकती है।	Како́й ты неря́ха! (लेकिन कहा जा सकता है Кака́я ты неря́ха!) Как расшуме́лся здесь! Како́й неве́жа! Про до́ждик говори́т, на ни́ве, ка́мень, лежа.. (Кр.)

तालिका ११

संज्ञा का लिंग

पशु, पक्षी, मछली और कीट द्योतक सज्ञाएं

	पुल्लिग	स्त्रीलिग
१. कतिपय (विशेषतया पालतू) पशु, पक्षियो के नर और मादा रूप को द्योतित करने के लिए विभिन्न मूलो के शब्दो का प्रयोग होता है जिनका शब्दान्त नैसर्गिक लिगो के अनुरूप है।	бара́н бык бо́ров пету́х се́лезень	овца́ коро́ва свинья́ ку́рица у́тка
२ नर और मादा को द्योतित करनेवाले एक ही मुल के शब्द किन्तु जिनका भेद केवल साधारणतया विभक्ति से ही स्पष्ट नही होता। इन स्त्रीलिग के शब्दो के विशिष्ट प्रत्यय है।	волк лев медве́дь тигр слон индю́к	волчи́ца льви́ца медве́дица тигри́ца слони́ха индю́шка

	पुल्लिग और स्त्रीलिग	पुल्लिग और स्त्रीलिग
३. अधिकतर पशु, पक्षी और मछली के नर, मादा रूप को द्योतित करने के लिए एक ही शब्द का प्रयोग होता है क्योंकि शब्द के रूप से उस शब्द का लिग निश्चित होता है (अ) पुल्लिग मे शब्दान्त मे कठोर व्यजन अथवा ऊष्म, स्त्रीलिग मे -а(-я) (आ) कोमल व्यजन अथवा ऊष्म वाली (जिनके शब्दान्त मे ь है) सज्ञाए सबध कारक के रूप से स्पष्ट होती है (पुल्लिग оле́нь—оле́ня; स्त्रीलिग рысь—ры́си)।	ёж	бе́лка
	крот	змея́
	кро́лик	кры́са
	кит	лягу́шка
	носоро́г	лиса́ (лиси́ца)
	уж	обезья́на
	дя́тел	соба́ка
	ко́ршун	я́щерица
	со́кол	га́лка
	я́стреб	куку́шка
	грач	ца́пля
	ёрш	аку́ла
	сом	щу́ка
	жук	блоха́
	клоп	му́ха
	конь	ло́шадь
	лось	мышь
	оле́нь	рысь
	со́боль	сте́рлядь
	тюле́нь	
	глуха́рь	
	го́лубь	
	гусь	
	жура́вль	
	ле́бедь	
	снеги́рь	
	гола́вль	
	кара́сь	
	о́кунь	
	песка́рь	
	слепе́нь	
	тру́тень	
	шмель	

क्रमशः

	पुल्लिग और स्त्रीलिग	पुल्लिंग और स्त्रीलिंग
४. शिशुद्योतक **-онок, -ёнок** प्रत्ययो से युक्त सज्ञाएं पुल्लिग।	волчóнок котенок ягненок	
५. अव्यय सज्ञाए (उधार लिए हुए शब्द) जो सजीव को व्यक्त करती हैं सभी (लिगाश्रित न होकर) पुल्लिग है (इन अव्यय से युक्त विदेशी सज्ञाओ मे से अनेकों का शब्दान्त -и, -у है, जो रूसी भाषा के लिए असाधारण है)।	кенгурý какадý колибри шимпанзé	

ध्यान दीजिये : ऐसे वाक्यो मे Шимпанзé кормила детёныша Кенгурý кормила детёныша क्रिया का रूप बताता है कि шимпанзé, кенгурý सज्ञाए स्त्रीलिग प्रकट करती है।

तालिका १२

निर्जीव पदार्थों को द्योतित करनेवाली ь शब्दान्त वाली संज्ञाओं का लिंग

निर्जीव पदार्थो को द्योतित करनेवाली व्यवहृत सज्ञाए जिनके शब्दान्त में ь है (ऊष्म मे अन्त होनेवाली सज्ञाओ को छोडकर):

पुल्लिग		स्त्रीलिंग	
автомоби́ль	гóспиталь	артéль	грудь
ансáмбль	грéбень	бандерóль	грязь
бинóкль	груздь	боль	даль
буквáрь	дви́гатель	высь	дань
бюллетéнь	день	гáвань	дверь
вихрь	дёготь	гармóнь	дробь
волды́рь	дождь	гарь	дрожь
вопль	жёлудь	ги́бель	ель
гвоздь	инвентáрь	грань	жёлчь

क्रमशः

पुल्लिंग

календа́рь
ка́мень
карто́фель
ка́шель
кисе́ль
ковы́ль
контро́ль
кора́бль
ко́рень
косты́ль
ла́герь
ло́коть
ломо́ть
монасты́рь
но́готь
нуль
ого́нь
па́нцирь
паро́ль
пень
пе́рстень
пла́стырь
плете́нь
по́лдень
портфе́ль
по́ршень
про́филь
пузы́рь
пусты́рь

путь
реме́нь
роя́ль
рубль
руль
спекта́кль
ста́вень
сте́бель
сте́ржень
стиль
суха́рь
та́бель
у́голь
у́ровень
фити́ль
фли́гель
фона́рь
хмель
хруста́ль
циркуль
ште́мпель
ште́псель
штиль
щаве́ль
ще́бень
я́корь
янта́рь
я́сень
ячме́нь

स्त्रीलिंग

жердь
жизнь
и́згородь
каните́ль
колыбе́ль
ко́поть
корь
крова́ть
ладо́нь
лазу́рь
лень
любо́вь
мазь
меда́ль
медь
мель
мете́ль
мече́ть
мозо́ль
мора́ль
мысль
нефть
нить
о́зимь
о́пухоль
о́сень
ось
о́ттепель
о́чередь
па́мять
печа́ль

печа́ть
пе́чень
пло́щадь
полы́нь
по́росль
посте́ль
при́быль
при́стань
про́рубь
пыль
роль
ртуть
са́жень
связь
сеть
сире́нь
ска́терть
смерть
соль
сталь
степь
тень
тетра́дь
ткань
цель
честь
шерсть
шине́ль
ширь
щель

क्रमशः

पुल्लिंग	स्त्रीलिग
कोमल व्यजनो मे अन्त होनेवाले महीनो के नाम янва́рь, февра́ль, апре́ль, ию́нь, ию́ль, сентя́брь, октя́брь, ноя́брь, дека́брь	

ध्यान दीजिये :

१ निर्जीव पदार्थो को द्योतित करनेवाली सज्ञाएं जिनके शब्दान्त मे -знь, -сть, -сь, -вь, -бь, -пь है स्त्रीलिंग हैं (жизнь, честь, высь, любо́вь, про́рубь, степь)।

२. -ость, -есть प्रत्यय से युक्त सज्ञाएं स्त्रीलिग है (ста́рость, мо́лодость, ра́дость, све́жесть)। (देखिये टिप्पणी १, 'आ', तालिका ६)।

तालिका १३

संज्ञाओं का बहुवचन

अ) बहुवचन बनाने मे शब्दान्त मे परिवर्तन		
पुल्लिग और स्त्रीलिंग		टिप्पणिया
एकवचन	बहुवचन	बहुवचन मे
कर्त्ता कारक		
	-ы	
заво́д колхо́з маши́на газе́та страна́	заво́ды колхо́зы маши́ны газе́ты стра́ны	संज्ञाए -ы धारण करती है: (अ) शब्दान्त मे कठोर व्यंजन वाली पुल्लिग संज्ञाए (प्रकृति मे ऊष्म, г, к, х वाली सज्ञाओ और दो सज्ञाओ: сосе́д—сосе́ди, черт—че́рти को छोडकर)। (आ) -а मे अन्त होनेवाली स्त्रीलिग सज्ञाए।

क्रमशः

अ) बहुवचन बनाने में शब्दान्त में परिवर्त्तन

पुल्लिंग और स्त्रीलिंग		टिप्पणिया
एकवचन	बहुवचन	बहुवचन में
कर्त्ता कारक		
	-и	
(क) геро́й бой музе́й трамва́й	геро́и бои́ музе́и трамва́и	संज्ञाएं -и धारण करती हैं· (क) -й शब्दान्त वाली पुल्लिंग संज्ञाए; (ख) -я शब्दान्त वाली स्त्रीलिंग संज्ञाए;
(ख) дере́вня статья́ па́ртия струя́	дере́вни статьи́ па́ртии стру́и	
(ग) вождь пло́щадь	вожди́ пло́щади	(ग) कोमल व्यंजन शब्दान्त वाली पुल्लिंग और स्त्रीलिंग संज्ञाए;
(घ) това́рищ ро́ща нож, лу́жа врач, ночь каранда́ш мышь	това́рищи ро́щи ножи́, лу́жи врачи́, но́чи карандаши́ мы́ши	(घ) प्रकृति में ऊष्म व्यंजन वाली पुल्लिंग और स्त्रीलिंग संज्ञाए;
(ङ) фа́брика звук нога́, враг стару́ха посту́х	фа́брики зву́ки но́ги, враги́ стару́хи пастухи́	(ङ) प्रकृति में г, к, х वाली पुल्लिंग और स्त्रीलिंग संज्ञाएं।

नपुसक लिग		टिप्पणिया
एकवचन	बहुवचन	बहुवचन मे
	-а	-а
дéло	делá	नपुसक लिग की -о शब्दान्त वाली सज्ञाएं -а धारण करती है,
прáво	правá	
госудáрство	госудáрства	
письмó	пи́сьма	
хозя́йство	хозя́йства	
срéдство	срéдства	
	-я	-я
пóле	поля́	-е, -ё मे शब्दान्त वाली नपुसक लिग की सज्ञाए -я धारण करती है।
мóре	моря́	विशेष रूप. ýхо—ýши; плечó—плéчи, колéно—колéни, вéко—вéки; я́блоко—я́блоки।
собрáние	собрáния	
восстáние	восстáния	
ружье	ру́жья	

ध्यान दीजिये: कठोर ऊष्म के बाद ы उच्चरित होता है किन्तु लिखा जाता है и (ножи́) (इस सम्बन्ध मे पृष्ठ २०–२१ देखिये)

पुल्लिग संज्ञाओ की बहुवचन रचना की कतिपय विशेषताएं

एकाक्षरी	द्वयाक्षरी	त्र्याक्षरी
бок—бокá	бéрег—берегá	профéссор—профессорá
век—векá	вéчер—вечерá	учи́тель—учителя́
глаз—глазá	гóлос—голосá	
дом—домá	гóрод—городá	
край—края́	дóктор—докторá	
лес—лесá	мáстер—мастерá	
луг—лугá	нóмер—номерá	

क्रमश

पुल्लिग सज्ञाओ की वहुवचन रचना की कतिपय विशेषताएं

एकाक्षरी	द्व्याक्षरी	त्र्याक्षरी
снег—снегá рог—рогá сорт—сортá	óстров—островá пóгреб—погребá пóяс—поясá пáрус—'парусá пóезд—поездá пóвар—поварá	

टिप्पणी. कतिपय पुल्लिग सज्ञाओ के वहुवचन मे शब्दान्त में स्वराघात के साथ -а या -я होता है।

ध्यान दीजिये: १ वर्त्तमान साहित्यिक रूसी भाषा में वहुवचन रचना में профессорá के साथ профéссоры रूप भी मिलता है। директорá के साथ дирéкторы, редáктор—редáкторы किन्तु केवल рéкторы, лéкторы, инспéкторы।

२ वर्त्तमान वोलचाल की भाषा मे प्रायः договорá प्रयुक्त होता है किन्तु साहित्यिक रूप में договóры।

आ) वहुवचन रूप रचना मे प्रकृति और विभक्ति मे परिवर्त्तन

पुल्लिग	
граждани́н —грáждане крестья́нин —крестья́не англичáнин—англичáне армяни́н —армя́не	-анин(-янин) में समाप्त होनेवाली पुल्लिग सजाए वहुवचन मे -ане(-яне) धारण कर लेती है। वहुवचन मे प्रत्यय -ин का लोप हो जाता है और सज्ञा के अत मे -е लग जाता है। -ин प्रत्यय से युक्त संज्ञाओ की अन्य प्रकार से वहुवचन रूप रचना के उदाहरण वहुत ही थोडे हैं господи́н—господá, хозя́ин—хозя́ева, татáрин—татáры, болгáрин—болгáры।

क्रमशः

आ) बहुवचन रूप रचना मे प्रकृति और विभक्ति मे परिवर्त्तन

पुल्लिग

ребенок —ребя́та теленок —теля́та волчо́нок—волча́та котенок —котя́та утенок —утя́та	बच्चो को द्योतित करनेवाली **-онок, -ёнок** मे समाप्त होनेवाली पुल्लिग सज्ञाए बहुवचन मे **-ата, -ята** धारण कर लेती है। ребёнок शब्द से बहुवचन मे सामान्यतया де́ти भी वनता है।

पुल्लिग और नपुसक लिग

брат —бра́тья	друг—друзья́	перо́ —пе́рья
муж —мужья́	(ध्वनिपरिवर्त्तन г—з)	крыло́ —кры́лья
лист —ли́стья	сук —су́чья	де́рево—дере́вья
стул —сту́лья	клок—кло́чья	звено́ —зве́нья
прут —пру́тья	(ध्वनिपरिवर्त्तन к—ч)	
ко́лос—коло́сья	сын—сыновья́	

टिप्पणिया : १ कतिपय पुल्लिग और नपुसक लिग सज्ञाए बहुवचन मे **-ья** धारण करती है।

२ साहित्यिक भाषा मे प्राचीन प्रयोग के रूप मे друг शब्द का बहुवचन дру́ги भी मिलता है Но не хочу́, о **дру́ги,** умира́ть Я жить хочу́, чтоб мы́слить и страда́ть (П.),

сын, муж से बने बहुवचन के **сыны́, мужи́** भाषा की उच्च गम्भीर काव्यमय शैली मे प्रयुक्त होते है. **сыны́** Ро́дины

नपुसक लिग

вре́мя —времена́, стре́мя—стремена́ зна́мя—знамёна, се́мя —семена́	एकवचन और बहुवचन में विभिन्न प्रकृति

क्रमश.

नपुसक लिंग

и́мя—именá, плéмя—племенá нéбо—небесá, чýдо—чудесá	(अ) -мя मे अत होने-वाली नपुसक लिग की सज्ञाए; (आ) -о मे अत होनेवाली नपुसक लिग की दो सज्ञाए. нéбо, чýдо।

टिप्पणी: १ вы́мя, плáмя, брéмя, тéмя इन शब्दो का बहुवचन मे प्रयोग नही होता है।

врéмя शब्द का बहुवचन मे प्रयोग विशेष अर्थ मे होता है: В те далёкие временá..

२. небесá यह शब्द प्राय. काव्यात्मक भाषा मे मिलता है:

Синéя блéщут небесá. (П)

Яснéли хóлмы и лесá, и просыпáлись небесá . (П)

Звёзды гáснут в небесáх (Заг)

पुल्लिग की कतिपय संज्ञाए जिनके भिन्न अर्थों से युक्त बहुवचन मे दो रूप होते हैं

एकवचन	बहुवचन	
лист	**листы́** Мы приготóвили бóльшие листы́ бумáги для диагрáмм Дóлго сих листóв завéтных не касáлся я перóм.. (П.)	**ли́стья** На дерéвьях жёлтые ли́стья. किंतु ऐसी स्थिति मे काव्यात्मक भाषा मे листы́ संभव है: Уж рóща отряхáет послéдние листы́ с нагúх своúх ветвéй.. (П.)

क्रमशः

पुल्लिंग की कतिपय सज्ञाएं जिनके भिन्न अर्थों से युक्त बहुवचन में दो रूप होते हैं

एकवचन	बहुवचन	
ко́рень	**ко́рни**	**коре́нья**
	Ко́рни де́рева глубоко́ ушли́ в зёмлю.	Мы чи́стили **коре́нья** для су́па.
про́пуск	**про́пуски**	**пропуска́**
	У ученика́ есть **про́пуски** заня́тий по боле́зни.	Часово́й проверя́л **пропуска́**.
по́вод	**по́воды**	**пово́дья**
	По́воды для ссо́ры	

टिप्पणियां : १. цвето́к शब्द से बहुवचन रूप цветы́ (На лугу́ запестре́ли цветы́), цвет शब्द से बहुवचन रूप цвета́ (Люблю́ я́ркие цвета́).

२. Челове́к शब्द से बहुवचन रूप лю́ди, челове́к शब्द का बहुवचन रूप केवल सवघ कारक में ско́лько, сто́лько (ско́лько челове́к), सर्वनामों और सख्यावाचक विशेषण के साथ प्रयुक्त होता है (пять челове́к)।

३ счёт शब्द का बहुवचन счета́ (Коми́ссия проверя́ла счета́), счёты (Я купи́л контóрские счёты) शब्द का एकवचन रूप नहीं होता है, केवल बहुवचन में ही प्रयोग होता है।

तालिका १४

केवल एकवचन या बहुवचन में प्रयुक्त होनेवाली संज्ञाएं

अ) केवल एकवचन में

१. भौतिक पदार्थ द्योतित करनेवाली संज्ञाएं	желе́зо, серебро́, зо́лото, медь, чугу́н, молоко́, вода́, снег, соль, мука́, вино́

टिप्पणी. इस वर्ग की कतिपय संज्ञाएं बहुवचन में भी प्रयुक्त होती है:

(क) विधायें (किस्में) बताने के लिए дороги́е, дешёвые ви́на; минера́льные во́ды, лече́бные во́ды, минера́льные со́ли;

(ख) काव्यात्मक भाषा में: Мосты́ нави́сли над вода́ми. (П.) Гони́мы весе́нними луча́ми, с окре́стных гор уже́ снега́ сбежа́ли му́тными ручья́ми на потоплённые луга́.. (П.)

२ तरकारी, अनाज, बेरी द्योतित करनेवाली संज्ञाएं	карто́фель, морко́вь, лук; рожь, овёс, лён; мали́на, клубни́ка, земляни́ка
३. समूहवाचक संज्ञाएं	молодёжь, крестья́нство, студе́нчество, листва́
४. कतिपय भाववाचक संज्ञाएं	эне́ргия, бо́дрость, ра́дость, мо́лодость, белизна́, темнота́, доброта́, внима́ние, чте́ние, социали́зм, материали́зм, капитали́зм

टिप्पणी. चतुर्थ वर्ग की कतिपय संज्ञाओं का बहुवचन रूप भी है किन्तु तब उनका दूसरा ही अर्थ होता है: Ка́ждый вто́рник устра́ивались литерату́рные чте́ния. Ма́ленькие ра́дости жи́зни... «Пе́рвые ра́дости»—рома́н Фе́дина.

५. दिशा, महीनो के नाम	се́вер, юг, за́пад, восто́к, янва́рь, февра́ль

आ) केवल बहुवचन मे

१ युग्म (या जोडे वाले) पदार्थो को द्योतित करनेवाली संज्ञाए	но́жницы, очки́, брю́ки, са́ни, щипцы́, весы́, воро́та
२ अन्य अधिकतर प्रयुक्त सज्ञाए	бу́дни, де́ньги, дрова́, дро́жжи, духи́, жму́рки, имени́ны, кани́кулы, обо́и, пери́ла, по́хороны, се́ни, сли́вки, су́мерки, су́тки, счёты, часы́, черни́ла

टिप्पणियां · १. इन सज्ञाओ से सबद्ध शब्द भी बहुवचन में ही प्रयुक्त होगे। Начали́сь ле́тние кани́кулы Люблю́ вече́рние су́мерки. Принесли́ сухи́х дров. Купи́л кра́сные черни́ла.

२. Часы́ (घडी) वस्तु द्योतित करनेवाले शब्द का प्रयोग केवल बहुवचन मे ही होता है (стенны́е часы́, карма́нные часы́), किन्तु समय के अश या भाग के अर्थ मे उसका प्रयोग एकवचन (час) और बहुवचन (часы́) दोनो में होता है।

Прошёл до́лгий час ожида́ния. Прошли́ до́лгие часы́ ожида́ния.

Приду́ че́рез час. Приду́ че́рез пять часо́в

३. वस्तु द्योतन के अर्थ मे очки́ शब्द का केवल बहुवचन मे ही प्रयोग होता है (Потеря́л свой но́вые очки́)।

संज्ञाओं की रूपसाधना के तीन प्रकार

I. एकवचन के कारको की विभक्तियो के अनुसार रूसी भाषा मे सज्ञाओ की रूपसाधना के तीन प्रकार होते है :

१) प्रथम रूपसाधना मे आती हैं: क) कर्त्ता कारक में बिना विभक्ति

वाली पुल्लिग सज्ञाए जिनकी प्रकृति में कठोर या कोमल व्यजन है (го́род, день, май); ख) नपुसक लिग की संज्ञाए जिनके शब्दान्त मे -о(-ё), -е है (письмо́, ружьё, по́ле, зда́ние)।

टिप्पणी: वृद्धिद्योतक तथा लघुताद्योतक प्रत्ययो के साथ तथा -о, -е शब्दान्त के साथ (городи́шко, доми́шко, доми́ще) पुल्लिग सज्ञाए ऐसी प्रथम रूपसाधना में आती है।

२) दूसरी रूपसाधना में -а(-я) शब्दान्त वाली स्त्रीलिग सज्ञाए आती है (страна́, земля́, а́рмия)।

टिप्पणी. -а(-я) में समाप्त होनेवाली पुल्लिग सज्ञाए: (ю́ноша, ста́роста, судья́, дя́дя, Кузьма́, Ва́ня) तथा -а(-я) मे समाप्त होनेवाली उभय लिग की सज्ञाएं भी दूसरी रूपसाधना मे आती है (сирота́, у́мница, рази́ня)।

३) तीसरी रूपसाधना मे कर्त्ता कारक मे बिना विभक्ति वाली स्त्रीलिंग सज्ञाए आती है जिनकी प्रकृति मे कोमल व्यजन या ऊष्म (कठोर या कोमल) है (тень, степь, ночь, рожь, мышь)। мать, дочь सज्ञाओ की रूपसाधना की कतिपय विशेपताए है (देखिये तालिका २१)

II कतिपय सज्ञाएं ऊपर वतायी गयी रूपसावना की तीन विधियो के अन्तर्गत नही आती और उनकी रूपसावना विशेप ढंग से होती है· पुल्लिग सज्ञा путь, -мя में समाम्त होनेवाली नपुसक लिंग सज्ञाए (и́мя, вре́мя आदि) और नपुसक लिंग सज्ञा дитя́।

III ऐसी सज्ञाए भी है जिनमे वचनानुसार परिवर्त्तन नही होता (пальто́, кино́, метро́, шоссе́, жюри́, кенгуру́, ко́фе) तथा अन्य। ко́фе (पुल्लिग) को छोडकर यह नपुसक लिग सज्ञाए है। रूसी भाषा मे ये सभी संज्ञाए विदेशी शब्दो के रूप में प्रकट होती है।

तालिका १५

पुल्लिंग और नपुंसक लिंग की संज्ञाओं की रूपसाधना (प्रथम रूपसाधना की संज्ञाएं)

	एकवचन								विभक्तिया
	पुल्लिंग						नपुसक लिग		
कर्त्ता	учени́к	заво́д	вождь	ого́нь	геро́й	бой	де́ло	по́ле	
सवध	ученика́	заво́да	вождя́	огня́	геро́я	бо́я	де́ла	по́ля	-а, -я
सम्प्रदान	ученику́	заво́ду	вождю́	огню́	геро́ю	бо́ю	де́лу	по́лю	-у, -ю
कर्म	ученика́	заво́д	вождя́	ого́нь	героя	бои	де́ло	по́ле	कर्त्ता की भाति सवध की भाति
करण	ученико́м	заво́дом	вождем	огнём	геро́ем	бо́ем	де́лом	по́лем	-ом,-ем(-ём)
अधिकरण	(об) ученике́	(о) заво́де	(о) вожде́	(об) огне́	(о) геро́е	(о) бо́е	(о) де́ле	(о) по́ле	-е
कर्त्ता		пролета́рий		санато́рий			собра́ние		
सवध		пролета́рия		санато́рия			собра́ния		
सम्प्रदान		пролета́рию		санато́рию			собра́нию		
कर्म		пролета́рия		санато́рий			собра́ние		
करण		пролета́рием		санато́рием			собра́нием		
अधिकरण		(о) пролета́рии		(о) санато́рии			(о) собра́нии		-и

टिप्पणिया. १. कर्त्ता के समान ही इन सज्ञाओ का कर्म रूप (क) नपुसक लिग की सभी सज्ञाएं; (ख) निर्जीव पदार्थ द्योतक पुल्लिग सज्ञाए (заво́д, бой)।

२ सजीव पदार्थ द्योतक पुल्लिग सज्ञाओ का कर्म रूप सवध के समान ही होता है (вождя́, геро́я) किन्तु यदि सज्ञा का समूहवाचक अर्थ है तो कर्म रूप कर्त्ता के अनुरूप ही होता है (ви́жу наро́д)।

३ -ий मे समाप्त होनेवाली पुल्लिग सज्ञाए और -ие में समाप्त होनेवाली नपुसक लिग की सज्ञाए अधिकरण मे -и धारण करती है (пролета́рий—о пролета́рии, собра́ние—о собра́нии)।

४ -а, -я (ю́ноша, судья́) मे समाप्त होनेवाली पुल्लिग सज्ञाओ की रूपसाधना तदनुरूप स्त्रीलिग की सज्ञाओ के समान होती है। (देखिये तालिका १७)।

५ путь (पुल्लिग), -мя मे समाप्त होनेवाली सभी सज्ञाओ और дитя́ की रूपसाधना विशेष प्रकार से होती है (देखिये तालिका २१)।

लेखन सबधी टिप्पणी · पुल्लिग सज्ञाओ के करण कारक में ऊष्म (ж, ч, ш, щ) और ц के बाद, यदि स्वराघात शब्दान्त पर पडता है तो -ом लिखा जाता है (борцо́м, ножо́м) और यदि स्वराघात शब्दान्त पर नही है तो -ем लिखा जाता है (па́льцем, това́рищем)। नपुसक लिग की सज्ञाओ के कर्त्ता कारक के एकवचन मे यदि स्वराघात शब्दान्त पर है तो -о लिखा जाता है (кольцо́, яйцо́, плечо́,) और यदि नही है तो -е लिखा जाता है (се́рдце, учи́лище), करण कारक एकवचन में यदि स्वराघात शब्दान्त पर है तो -ом (кольцо́м, плечо́м), और बिना स्वराघात के -ем (се́рдцем, учи́лищем)।

तालिका १६

प्रथम रूपसाधना की पुल्लिंग संज्ञाओं के कतिपय कारक रूपो की विशेषताएं

---

१. संवघ कारक विभक्ति-चिन्ह -у(-ю) के साथ

पुल्लिग की कतिपय सज्ञाए सवघ कारक एकवचन रूप मे विभक्ति-चिन्ह -а(-я) के साथ -у(-ю) धारण करती है।

१. जव किसी भौतिक पदार्थ या वस्तु का परिमाण या हिस्सा द्योतित किया जाता है। ध्यान दीजिये . सज्ञाए хлеб, овёс सवघ कारक मे -у विभक्ति-चिन्ह नही लगा सकती।	Кусо́к са́хару, стака́н ча́ю, килогра́мм мёду, килогра́мм песку́. Купи́ть са́хару, виногра́ду, вы́пить ча́ю, набра́ть хво́росту Я поднёс ему́ ча́шку ча́ю . (П) Воро́не где́-то бог посла́л кусо́чек сы́ру. (Кр)
२. कतिपय परिस्थितियो मे जवकि यह प्रकट किया जाता है (क) स्थान उपसर्ग из, до के वाद	Вы́шел и́з дому, и́з лесу, шёл до́ дому це́лый час (स्वराघात प्राय. उपसर्ग из, до पर है) Волк и́з лесу в дере́вню забежа́л . (Кр) Одна́жды в студёную зи́мнюю по́ру Я и́з лесу вы́шел Был си́льный моро́з .. (Некр) До́ дому еще было вёрст во́семь (Т)
(ख) समय – उपसर्ग до, с, о́коло के वाद	Ждал тебя́ с ча́су дня Ждал тебя́ до ча́су дня Бродíл в лесу́ о́коло ча́су. Мы стоя́ли на тя́ге о́коло ча́су. (Т.)

१ संबंध कारक विभक्ति-चिन्ह -у(-ю) के साथ

पुल्लिंग की कतिपय संज्ञाए सबंध कारक एकवचन रूप में विभक्ति-चिन्ह -а(-я) के साथ -у(-ю) धारण करती है।

(ग) कारण उपसर्ग с (со) के बाद:	Побеле́л с испу́гу, со стра́ху. Заболе́ла с перепу́гу.
३. कतिपय विशिष्ट मुहाविरों में उपसर्गों के साथ.	Упусти́л и́з виду Не ви́дел его́ о́т роду Жду его́ с ча́су на час. С бо́ку на́ бок... Бе́з году неде́ля. Бе́з толку. Час о́т часу ого́нь слабе́е станови́лся (Кр) Ве́тер ме́жду тем час о́т часу станови́лся сильне́е .. (П.) А бе́дный пруд год о́т году всё глох. . (Т) А се́рдце во мне бьётся, как о́т роду не би́лось. . (Т.)
४. कतिपय नकारात्मक परिस्थितियों में	Не пришёл ко мне ни ра́зу О нём ни слу́ху, ни ду́ху. До са́мого конца́ декабря́ не вы́пало сне́гу... Не пока́зывает да́же ви́ду...

२ -у(-ю) विभक्ति-चिन्ह के साथ अधिकरण कारक

कई पुल्लिग सज्ञाएं अधिकरण कारक मे उपसर्ग в, на के बाद (अधिकतर स्थान निर्देशन में) शब्दान्त मे -у(-ю) विभक्ति-चिन्ह धारण करती है और स्वराघात इस शब्दान्त पर होता है (इनमे से अधिक शब्द एकाक्षरी है лес, сад आदि)।

क्रमशः

अत्यधिक प्रयुक्त होनेवाले शब्द (अकारादि क्रम में)

в		на	
бор	в бору́	бе́рег	на берегу́
бой	в бою́	бок	на боку́
бред	в бреду́	борт	на борту́
быт	в быту́	вал	на валу́
глаз	в глазу́	век	на веку́
год	в году́	воз	на возу́
долг	в долгу́		
дым	в дыму́		
жар	в жару́		
край	в краю́	край	на краю́
круг	в кругу́	круг	на кругу́
лоб	во лбу́	лоб	на лбу́
лес	в лесу́	луг	на лугу́
лёд	во льду́	лёд	на льду́
мед	в меду́	мёд	на меду́
мех	в меху́	мех	на меху́
мозг	в мозгу́	мост	на мосту́
мох	во мху́	мох	на мху́
		мыс	на мысу́
нос	в носу́	нос	на носу́
плен	в плену́	плот	на плоту́
полк	в полку́	пол	на полу́
порт	в порту́	пост	на посту́
пруд	в пруду́	пруд	на пруду́
пух	в пуху́		
ров	во рву́		
род	в роду́	род	на роду́
рот	во рту́		
ряд	в ряду́		
сад	в саду́	смотр	на смотру́
снег	в снегу́	снег	на снегу́
сок	в соку́	сук	на суку́
строй	в строю́		

क्रमशः

тыл	в тылу́		
у́гол	в углу́	у́гол	на углу́
ход	в ходу́	ход	на ходу́
цвет	в цвету́		
шкаф	в шкафу́	шкаф	на шкафу́
—	—	—	—
Крым	в Крыму́	Дон	на Дону́

в отпуску́ (Был ме́сяц в отпуску́ и́ли в о́тпуске)	на ходу́ (Маши́на останови́лась на по́лном ходу́)
в цвету́ (Дере́вья в полном цвету́)	
в бреду́ (Больно́й три дня был в бреду́)	
В лесу́ раздава́лся топо́р дровосе́ка. (Некр.)	На берегу́ пусты́нных волн Стоя́л он, дум вели́ких полн, И вдаль гляде́л (П.)
Кро́ет уж лист золото́й вла́жную зе́млю в лесу́.. (М.)	
В саду́ во тьме́ лени́во сы́плется тёплый дождь (Л. Т.)	На краю́ горизо́нта тя́нется сере́бряная цепь снеговы́х верши́н (Л.)
Что и́щет он в стране́ далёкой? Что ки́нул он в краю́ родно́м? (Л.)	Вчера́ я прие́хал в Пятиго́рск, наня́л кварти́ру на краю́ го́рода (Л.)
А сыр во рту́ держа́ла (Кр.)	На по́лном бегу́ на́ бок сала́зки—и Са́ша в снегу́ (Некр.)

ध्यान दीजिये समयद्योतन के समय वर्ष और घंटा के लिए अधिकरण कारक -у(-ю) विभक्ति के साथ प्रयुक्त होता है: В како́м году́? — В 1947 году́. В про́шлом году́. В кото́ром часу́?—В пе́рвом часу́. इसी प्रकार на своём веку́ (Мно́го ви́дел я люде́й на своём веку́).

टिप्पणी. १. दूसरे उपसर्गों के साथ ये सभी संज्ञाएं अधिकरण कारक में अपना सामान्य -е विभक्ति धारण करती हैं: о ле́се, о Кры́ме, о го́де, о ча́се आदि।

२. लोकगीतों में कभी कभी प्राचीन आर्ष प्रयोग в ле́се मिलता है. В тёмном ле́се, за реко́й, стои́т до́мик небольшо́й.

३ यदि उपसर्ग в स्थान नही सूचित करता तो अधिकरण कारक -е विभक्ति प्रयुवत करता है। उदाहरणत Он знáет толк в лéсе.

४ यदि नाटको के नामो के बारे मे कहा जाता है तो अधिकरण कारक मे विभक्ति -е:

в «Лéссе» Островского

в «Вишневом сáде» Чéхова

५ लेरमोन्तोव की कविता «Сосна́» मे край सज्ञा अधिकरण कारक मे -е विभक्ति के साथ प्रयुक्त होती है। «в том крáе, где сóлнца восхóд » —

रालिका १७

स्त्रीलिंग संज्ञाओ की रूपसाधना

-а(-я) शब्दान्त वाली सज्ञाए (द्वितीय रूपसाधना)

एकवचन

	-а(-я) शब्दान्त वाली सज्ञाए				विभवित-चिन्ह
कर्त्ता	рабóта	страна́	я́блоня	земля́	-а, -я
सबध	рабóты	страны́	я́блони	земли́	-ы, -и
सम्प्रदान	рабóте	стране́	я́блоне	земле́	-е
कर्म	рабóту	страну́	я́блоню	зéмлю	-у, -ю
करण	рабóтой	странóй	я́блоней	землей	-ой (-ою), -ей (-ею) -ёй (-ёю)
अधिकरण	(о) рабóте	(о) стране́	(о) я́блоне	(о) земле́	-е

-ия शब्दान्त वाली संज्ञाएं

कर्त्ता	пáртия	стáнция	
सबध	пáртии	стáнции	
सम्प्रदान	пáртии	стáнции	-и
कर्म	пáртию	стáнцию	
करण	пáртией	стáнцией	
अधिकरण	(о) пáртии	(о) стáнции	-и

क्रमशः

कोमल व्यजन और ऊष्म वाली सज्ञाओ की रूपसाधना (तृतीय रूपसाधना)				विभक्ति-चिन्ह
कर्त्ता	власть	речь	рожь	—
सबंध	вла́сти	ре́чи	ржи	-и
सम्प्रदान	вла́сти	ре́чи	ржи	-и
कर्म	власть	речь	рожь	कर्त्ता की तरह
करण	властью	речью	рожью	(-ь)-ю
अधिकरण	(о) вла́сти	(о) ре́чи	(о) ржи	-и

टिप्पणिया १ स्त्रीलिग सज्ञाए जो -а मे समाप्त होती हैं (कठोर प्रकृति के साथ рабо́та, страна́), उनके विभक्ति-चिन्ह कर्त्ता को छोडकर सभी कारको मे -ы, -е, -у, -ой(-ою), -е होते हैं। कोमल प्रकृति वाली सज्ञाओ (дере́вня, земля́) की विभक्तिया कर्त्ता को छोडकर सभी कारको मे -и, -е, -ю, -ей (-ею), -е होती हैं।

२ -ия मे समाप्त होनेवाली स्त्रीलिग सज्ञाए (па́ртия) -я मे समाप्त होनेवाली सज्ञाओ से भिन्न, सम्प्रदान और अधिकरण मे -и विभक्ति-चिन्ह धारण करती है (па́ртии)।

३ कोमल व्यजन और ऊष्म वाली सज्ञाओ की विशिष्ट रूपसाधना है। इसके सबध, सम्प्रदान और अधिकरण कारक मे -и विभक्ति-चिन्ह होता है। करण मे -ью और कर्म कारक रूप सदा कर्त्ता के समान होता है।

लेखन सबधी टिप्पणी ऊष्म (ж, ч, ш, щ) और ц के बाद करण कारक में शब्दान्त पर स्वराघात होने पर -ой(-ою) (свечо́й, межо́й, овцо́й) लिखते हैं और शब्दान्त पर स्वराघात न रहने पर -ей(-ею) लिखते हैं (ту́чей, ка́шей, пти́цей)।

४ мать, дочь सज्ञाओ की विशिष्ट रूपसाधना है। (देखिये तालिका २१)

तालिका १८

सभी लिंगो की संज्ञाओं बहुवचन में रूपसाधना

	बहुवचन						विभक्ति-चिन्ह
कर्त्ता	завóды	вождú	делá	поля́	рабóты	дерéвни	
सवध	завóдов	вождéй	дел	полéй	рабóт	деревéнь	
सम्प्रदान	завóдам	вождя́м	делáм	поля́м	рабóтам	деревня́м	-ам, -ям
कर्म	завóды	вождéй	делá	поля́	рабóты	дерéвни	कर्त्ता के समान सवध के समान
करण	заводами	вождя́ми	делáми	поля́ми	рабóтами	деревня́ми	-ами, -ями
अधिकरण	(о) завóдах	(о) вождя́х	(о) делáх	(о) поля́х	(о) рабóтах	(о) деревня́х	-ах, ях

टिप्पणिया १ सभी पुल्लिग, स्त्रीलिग और नपुसक लिग सज्ञाओ का सम्प्रदान, करण और अधिकरण कारक के बहुवचन मे समान विभक्ति-चिन्ह होता है। कठोर प्रकृति वाली सज्ञाओ के विभक्ति-चिन्ह -ам, -ами, -ах हैं और कोमल प्रकृति वाली सज्ञाओ के विभक्ति-चिन्ह -ям, -ями, -ях हैं।

२ यदि सज्ञा निर्जीव पदार्थ को द्योतित करती है तो कारक का रूप कर्त्ता के समान होता है (завóды, поля́, дерéвни), यदि सज्ञा सजीव को द्योतित करती है तो कर्म कारक का रूप सवध के समान होता है (вождéй)।

३ कोमल प्रकृति वाली कतिपय सज्ञाओ के करण कारक मे दो विभक्ति-चिन्ह होते हैं (дверя́ми — дверьмú; лошадя́ми — лошадьмú)।

तालिका २०

वहुवचन रूपसाधना में संज्ञाओं की कतिपय विशेषताएं

			टिप्पणियां
कर्त्ता	гра́ждане	крестья́не	-анин, -янин में समाप्त होनेवाली पुल्लिंग संज्ञाएं (граждани́н, крестья́нин) कर्त्ता कारक वहुवचन में -ане, -яне और संवध वहुवचन में केवल व्यंजन युक्त प्रकृति रखती है (гра́ждан, крестья́н)। शेष कारक की रूपसाधना इसी प्रकृति से नियमानुकूल होती है (гра́жданам, крестья́нам आदि)।
संवध	гра́ждан	крестья́н	
सम्प्रदान	гра́жданам	крестья́нам	
कर्म	гра́ждан	крестья́н	
करण	гра́жданами	крестья́нами	
अधिकरण	(о) гра́жданах	(о) крестья́нах	
कर्त्ता	ребя́та	волча́та	-ёнок, -онок में समाप्त होनेवाली बच्चों का द्योतित करनेवाली पुल्लिंग संज्ञाएं (ребёнок, волчо́нок) कर्त्ता कारक वहुवचन में -ата, -ята धारण करती हैं और संवध कारक में व्यंजन युक्त प्रकृति रखती है (ребя́т, волча́т)। शेष कारकों की रूपसाधना इसी प्रकृति से नियमानुकूल होती है (ребя́там, волча́там आदि)। ध्यान दीजिये: бесёнок — бесеня́та, чертёнок — чертеня́та
संवध	ребя́т	волча́т	
सम्प्रदान	ребя́там	волча́там	
कर्म	ребя́т	волча́т	
करण	ребя́тами	волча́тами	
अधिकरण	(о) ребя́тах	(о) волча́тах	

कर्त्ता कारक	संवध कारक	
глаза́	глаз	ये सभी संज्ञाएं संवध कारक वहुवचन में विभक्ति-चिन्ह नहीं
чулки́	чуло́к	

क्रमशः

कर्त्ता कारक	संबध कारक	
солда́ты	солда́т	धारण करती और इनका रूप कर्त्ता कारक एकवचन के समान होता है।
партиза́ны	партиза́н	
грузи́ны	грузи́н	
ту́рки	ту́рок	
башки́ры	башки́р	
कर्त्ता	лю́ди	सज्ञा человéк का बहुवचन मे प्रयोग केवल विकृत कारको मे होता है। सबध कारक का रूप कर्त्ता कारक एकवचन के समान है (два́дцать человéк)। лю́ди का प्रयोग बहुवचन के सभी कारको में होता है।
सबध	людéй	
सम्प्रदान	лю́дям	
कर्म	людéй	
करण	людьми́	
अधिकारण	(о) лю́дях	

तालिका २१

कतिपय संज्ञाओ की विशिष्ट रूपसाधना

	एकवचन				
	नपुसक लिग		पुल्लिग	स्त्रीलिग	
कर्त्ता	и́мя	зна́мя	путь	мать	дочь
सबध	и́мени	зна́мени	пути́	ма́тери	до́чери
सम्प्रदान	и́мени	зна́мени	пути́	ма́тери	до́чери
कर्म	и́мя	зна́мя	путь	мать	дочь
करण	и́менем	зна́менем	путём	ма́терью	до́черью
अधिकरण	(об) и́мени	(о) зна́мени	(о) пути́	(о) ма́тери	(о) до́чери

वहुवचन

	नपुसक लिंग		पुल्लिग	स्त्रीलिग	
कर्त्ता	имена́	знамёна	пути́	ма́тери	до́чери
सवंध	имён	знамён	путе́й	матере́й	дочере́й
सम्प्रदान	имена́м	знамёнам	путя́м	матеря́м	дочеря́м
कर्म	имена́	знамёна	пути́	матере́й	дочере́й
करण	имена́ми	знамёнами	путя́ми	матеря́ми	дочерьми́
अधिकरण	(об) имена́х	(о) знамёнах	(о) путя́х	(о) матеря́х	(о) дочеря́х

टिप्पणियाँ : १ -мя में समाप्त होनेवाली सभी नपुसक लिग की सज्ञाओ की रूपसाधना एकवचन मे и́мя के समान होती है (вре́мя, зна́мя, пла́мя, се́мя, бре́мя, те́мя, вы́мя, стре́мя, пле́мя)। пла́мя, бре́мя, те́мя, вы́мя ये शव्द वहुवचन मे नही प्रयुक्त होते। и́мя और -мя मे अन्त होनेवाले दूसरे शव्दो से भिन्न зна́мя की वहुवचन रूपसावना में सभी कारको में स्वराघात प्रत्यय -ён पर पडता है। се́мя का संवंध कारक वहुवचन रूप семя́н है।

२ नपुसक लिंग की सज्ञा дитя́ का वर्तमान भापा में एकवचन में केवल कर्त्ता और कर्म मे प्रयोग होता है। शेप मे ребёнок शव्द (ребёнок—ребёнка, ребёнку आदि) के कारक रूपो का प्रयोग होता है। वहुवचन मे де́ти और ребя́та दोनो शव्दो का प्रयोग होता है। क्लासिकल लेखको की रचनाओं में дитя́ शव्द के कर्त्ता को छोडकर अन्य कारक रूप भी मिलते है। उदाहरणत Ка́шу зава́рит, ня́нчится с дитя́тей...

дитя́ शव्द की रूपसावना :

एकवचन	वहुवचन
дитя́	де́ти
дитя́ти	дете́й
дитя́ти	де́тям
дитя́	дете́й
дитя́тей	детьми́
(о) дитя́ти	(о) де́тях

३. पुल्लिग सज्ञा путь की रूपसाधना एकवचन तथा बहुवचन मे सभी कारको मे कोमल व्यजन वाली (кость) स्त्रीलिग सज्ञा, के समान होती है। केवल करण कारक एकवचन का रूप путём होता है।

४. स्त्रीलिग सज्ञाए мать, дочь एकवचन के सभी कारको में (कर्म कारक को छोड़कर) और बहुवचन के सभी कारको मे प्रकृति के अत मे -ер- जोड लेती हैं।

तालिका २२

कुलनाम और नगरों के नाम द्योतित करनेवाली संज्ञाओं की रूपसाधना

पुल्लिग कुलनाम और -ын, -ин, -ын(о), -ин(о) मे अन्त होनेवाली नगरो के नाम द्योतित करनेवाली पुल्लिग तथा नपुसक लिग की सज्ञाए

कर्त्ता	Ильи́н	Пти́цын		-ин, -ын मे समाप्त होनेवाली कुलनाम द्योतक शब्द पुल्लिग सज्ञाओ से भिन्न करण कारक मे -ым धारण करती हैं।
सवध	Ильина́	Пти́цына		
सम्प्रदान	Ильину́	Пти́цыну		
कर्म	Ильина́	Пти́цына		
करण	Ильины́м	Пти́цыным	-ым	
अधिकरण	(об) Ильине́	(о) Пти́цыне		
कर्त्ता	Каля́зин	Голи́цыно		-ин (о), -ын (о) वाली नगर और बस्तियो के नाम वाली सज्ञाओ की रूपसाधना कठोर व्यंजन वाली पुल्लिग और नपुसक लिग सज्ञाओं के समान होती है।
संवध	Каля́зина	Голи́цына		
सम्प्रदान	Каля́зину	Голи́цыну		
कर्म	Каля́зин	Голи́цыно		
करण	Каля́зином	Голи́цыном	-ом	
अधिकरण	(о) Каля́зине	(о) Голи́цыне		

क्रमश.

-ов, -ев; -ов(о), -ев(о) मे समाप्त होनेवाली पुल्लिग और नपुसक लिग की नगर और बस्तियो के नाम द्योतित करनेवाली सज्ञाए

कर्त्ता	Сара́тов	Ку́нцево		-ов(о), -ев(о) मे समाप्त होनेवाली नगर, गाव, बस्ती का नाम द्योतित करनेवाली सज्ञाए सभी कारको मे कठोर व्यजन वाली पुल्लिग सज्ञाओ के समान रूपसाधना करती है।
सबध	Сара́това	Ку́нцева		
सम्प्रदान	Сара́тову	Ку́нцеву		
कर्म	Сара́тов	Ку́нцево		
करण	Сара́товом	Ку́нцевом	-ом	
अधिकरण	(о) Сара́тове	(о) Ку́нцеве		

-ов, -ев मे समाप्त होनेवाले पुल्लिग कुलनाम

कर्त्ता	Петро́в	Серге́ев		-ов, -ев मे समाप्त होनेवाले पुल्लिग कुलनाम करण कारक मे -ым धारण करते है।
सबध	Петро́ва	Серге́ева		
सम्प्रदान	Петро́ву	Серге́еву		
कर्म	Петро́ва	Серге́ева		
करण	Петро́вым	Серге́евым	-ым	
अधिकरण	(о) Петро́ве	(о) Серге́еве		

-ин(а), -ов(а) मे समाप्त होनेवाले स्त्रीलिग कुलनाम

कर्त्ता	Ильина́	Петро́ва		-ин(а), -ов(а) में समाप्त होनेवाले स्त्रीलिग नामो की रूपसाधना स्त्रीलिग विशेषण की तरह होती है किन्तु कर्म कारक में यह सज्ञा की तरह -у धारण करते है।
सबध	Ильино́й	Петро́вой		
सम्प्रदान	Ильиной	Петро́вой		
कर्म	Ильину́	Петро́ву		
करण	Ильино́й	Петро́вой		
अधिकरण	(об) Ильино́й	(о) Петро́вой		

क्रमशः

पुल्लिग और स्त्रीलिग के कुलनाम और नाम	
Ивани́цкий Ивани́цкая Бе́льский Бе́льская	विशेषण शब्दान्तवाले कुलनामो की रूपसाधना विशेषणो की तरह होती है।
Ива́н Ива́нович Мари́я Ива́новна	व्यक्ति के नाम और पिता के नाम दोनो की रूपसाधना अलग अलग सज्ञा के समानुरूप विभक्ति-चिन्हो के साथ होती है।
Дурново́ Пушны́х Чутки́х До́лгих	यदि रूसी कुलनाम का शब्दान्त रूसी भाषा के लिए असाधारण है तो उसकी रूपसाधना नही होती।
Шевче́нко Короле́нко Безборо́дко Хво́йко	**-енко** और **-ко** मे समाप्त होनेवाले उक्रइन कुलनामो की रूपसाधना प्रायः नही होती (у Короле́нко, у Хво́йко); यदि रूपसाधना होती है तो -а मे समाप्त होनेवाली स्त्रीलिग सज्ञाओ के समान प्राय होती है (у Короле́нки, писа́л Короле́нке, ви́дел Короле́нку, говори́л с Короле́нкой)।
Мицке́вич Бороди́ч	**-ич**, **-ович**, **-евич** मे समाप्त होनेवाला कुलनाम यदि पुरुष को द्योतित करता है तो समानुरूप सज्ञा के समान उसकी रूपसाधना होती है, यदि स्त्री को द्योतित करता है तो रूपसाधना नही होती है।
Шмидт Мо́царт Ли Дэ-цун Ким	व्यंजन मे समाप्त होनेवाले विदेशी मूल के कुलनाम की रूपसाधना समानुरूप संज्ञाओ के समान होती है यदि वह पुरुष को द्योतित करता है, और यदि स्त्री को द्योतित करता है तो उसकी रूपसाधना नही होती है।

क्रमश:

पुल्लिंग और स्त्रीलिग के कुलनाम और नाम

Гарибáльди Сальéри Россéти Золя́ Джамбá	Бакý Тбили́си Сóчи Скóпле Чикáго	स्वर में समाप्त होनेवाले अरूसी कुलनामो और -у, -и, -е, -о मे समाप्त होनेवाले अरूसी नगरो के नामो की रूपसाधना नही होती।
Капаблáнка Сырзя		-а(-я) मे समाप्त होनेवाले अरूसी कुलनामो की रूपसाधना हो सकती है यदि स्वराघात अन्तिम अक्षर पर नही है (Капаблáнка)।

संज्ञाओ में स्वराघात के विशिष्ट प्रकार

१ स्वराघात स्थिर या निश्चित है अर्थात् स्वराघात एकवचन और बहुवचन के सभी कारको में शब्द के एक ही और उसी अक्षर पर पडता है: побéда, побéды, побéде, студéнт, студéнта, студéнту; движéние, движéния, движéнию।

२. कर्म कारक एकवचन मे स्वराघात शब्द के आरम्भ पर चला जाता है: рукá—कर्म कारक рýку, головá—कर्म कारक гóлову।

३ कर्त्ता कारक बहुवचन में स्वराघात शब्द के आरम्भ पर चला जाता है· рукá—कर्त्ता बहुवचन рýки, головá—कर्त्ता बहुवचन гóловы।

४. सभी कारको के बहुवचन रूप मे स्वराघात शब्द के आरम्भ पर चला जाता है письмó—बहुवचन пи́сьма, пи́сем, пи́сьмам आदि।

५. कर्त्ता को छोडकर सभी कारको के एकवचन और बहुवचन रूप में स्वराघात अतिम अक्षर पर चला जाता है конь, коня́, коню́ आदि, बहुवचन кóни, конéй आदि।

६. कर्त्ता को छोडकर सभी कारको के बहुवचन रूप मे स्वराघात अन्तिम अक्षर पर चला जाता है волк—बहुवचन вóлки, волкóв, волкáм आदि।

७ स्थान या समय के अर्थ मे в, на उपसर्ग से युक्त होने पर अधिकरण कारक एकवचन में स्वराघात अन्तिम अक्षर पर चला जाता है лес—в лесý; мост—на мостý, год—в прóшлом годý; печь—на печи́, в печи́, степь—в степи́।

टिप्पणी पुल्लिग के अधिकरण पर स्वराघात का स्थानान्तरण केवल अधिकरण के -у शब्दान्त से युक्त होने पर होता है।

तालिका २३

संज्ञा में स्वराघात के स्थानान्तरण के कतिपय महत्वपूर्ण प्रकार

अ) -а(-я) मे समाप्त होनेवाली स्त्रीलिंग सज्ञाए जिनमे स्वराघात शब्दान्त पर है

द्वयाक्षरी		एकवचन	
१ कर्म कारक एकवचन और कर्त्ता तथा कर्म बहुवचन मे स्वराघात प्रथम अक्षर पर चला जाता है (земля́ शब्द में सम्प्रदान बहुवचन मे भी प्रथम अक्षर पर)·	कर्त्ता	рука́, земля́	
	सबध	руки́, земли́	
	सम्प्रदान	руке́, земле́	
	कर्म	——→	ру́ку, зе́млю
	करण	руко́й, землей	
	अधिकरण	(о) руке́, (о) земле́	
		बहुवचन	
	कर्त्ता	——→	ру́ки, зе́мли
	सबध	рук, земе́ль	
	सम्प्रदान	рука́м, зе́млям	
	कर्म	——→	ру́ки, зе́мли
		इत्यादि	
२ बहुवचन के सभी कारको में स्वराघात प्रथम अक्षर पर चला जाता है :		एकवचन	बहुवचन
	कर्त्ता	страна́	стра́ны
	सबध	страны́	стран
	सम्प्रदान	стране́	стра́нам
		इत्यादि	इत्यादि
३. किंतु स्वराघात अपरिवर्त्तनशील भी हो सकता है·		एकवचन	
	कर्त्ता	ру́чка, статья́	
	सबध	ру́чки, статьи́	
		इत्यादि	
		बहुवचन	
	कर्त्ता	ру́чки, статьи́	
	सबंध	ру́чек, стате́й	
		इत्यादि	

क्रमश

आ) कोमल व्यजन या ऊष्म वाली स्त्रीलिग की सज्ञाए

१ कर्त्ता को छोडकर सभी कारको के बहुवचन मे स्वराघात शब्दान्त पर चला जाता है :	एकवचन कर्त्ता óчередь, плóщадь, мышь सबध óчереди, плóщади, мыши इत्यादि	
	बहुवचन कर्त्ता óчереди, плóщади, мы́ши	
	सबध ⟶	очередéй, площадéй, мышéй
	सम्प्रदान ⟶	очередя́м, площадя́м, мыша́м
	इत्यादि	इत्यादि
२ अधिकरण एकवचन और कर्त्ता को छोडकर सभी विकृत कारको के बहुवचन मे स्वराघात शब्दान्त पर चला जाता है :	एकवचन कर्त्ता пéчь सबध пéчи सम्प्रदान пéчи कर्म печь करण пéчью अधिकरण (о) пéчи, (в) печи́	इस प्रकार के शब्दो मे स्वराघात शब्दान्त पर तभी पडता है जब अधिकरण कारक का प्रयोग स्थानद्योतन के लिए होता है в печи́, о пéчи, в степи́, о стéпи
	बहुवचन कर्त्ता пéчи	
	सबध ⟶	печéй
	सम्प्रदान ⟶	печа́м
	इत्यादि	इत्यादि

आ) कोमल व्यंजन या ऊष्म वाली स्त्रीलिग सज्ञाए

३. किन्तु स्वराघात अपरिवर्त्तनशील हो सकता है		एकवचन	
	कर्त्ता	тетра́дь	
	सवध	тетра́ди	
	सम्प्रदान	тетра́ди	
		इत्यादि	
		बहुवचन	
	कर्त्ता	тетра́ди	
	सवध	тетра́дей	
		इत्यादि	

इ व्यजन मे समाप्त होनेवाली पुल्लिग सज्ञाए

१. कर्त्ता को छोडकर शेप कारको मे एकवचन और बहुवचन मे सभी कारको में स्वराघात शब्दान्त पर चला जाता है। स्वराघात का ऐसा स्थानान्तरण सभी स्थितियों में पाया जाता है जब कि स्वराघातयुक्त लोप होनेवाला o या e अन्तिम अक्षर मे होता है। कर्त्ता कारक एकवचन मे स्वराघात इस अक्षर पर पडता है, उदाहरणत кусо́к, सवंध कारक куска́ इत्यादि। किंतु यदि स्वराघात कर्त्ता कारक एकवचन में अंतिम अक्षर पर नही पड़ता तो अपरिवर्तनशील होता है। उदाहरणत ва́ленок, सवध कारक ва́ленка; комсомо́лец, सवध कारक комсо́мольца :		एकवचन	
	कर्त्ता	стари́к, дождь	
	सवध	→	старика́, дождя́
	सम्प्रदान	→	старику́, дождю́
			इत्यादि
		बहुवचन	
	कर्त्ता	→	старики́, дожди́
	सवंध	→	старико́в, дожде́й
	सम्प्रदान	→	старика́м, дождя́м
			इत्यादि
		एकवचन	
	कर्त्ता	ого́нь, оте́ц	
	सवध	→	огня́, отца́
	सम्प्रदान	→	огню́, отцу́
			इत्यादि
		बहुवचन	
	कर्त्ता	→	огни́, отцы́
	सवध	→	огне́й, отцо́в
	सम्प्रदान	→	огня́м, отца́м
			इत्यादि

क्रमशः

इ) व्यंजन में समाप्त होनेवाली पुल्लिंग सज्ञाए

२. स्वराघात कर्त्ता को छोडकर सभी कारको मे एकवचन और बहुवचन में विभक्ति-चिन्ह पर चला जाता है.	एकवचन	
	कर्त्ता гвоздь	
	सवध →	гвоздя́
	सम्प्रदान →	гвоздю́
		इत्यादि
	बहुवचन	
	कर्त्ता гво́зди	
	सवध →	гвоздéй
	सम्प्रदान →	гвоздя́м
		इत्यादि
३ स्वराघात सभी कारको मे बहुवचन मे विभक्ति-चिन्ह पर चला जाता है.	एकवचन	
	कर्त्ता сад	
	सवध сáда	
	सम्प्रदान сáду	
	इत्यादि	
	बहुवचन	
	कर्त्ता →	сады́
	सवध →	садóв
	सम्प्रदान →	садáм
		इत्यादि
४ स्वराघात कर्त्ता को छोडकर सभी कारको मे बहुवचन मे विभक्ति-चिन्ह पर चला जाता है	एकवचन	
	कर्त्ता волк	
	सवध вóлка	
	सम्प्रदान вóлку	
	इत्यादि	
	बहुवचन	
	कर्त्ता вóлки	
	सवध →	волкóв
	सम्प्रदान →	волкáм
		इत्यादि

इ) व्यजन मे समाप्त होनेवाली पुल्लिग सज्ञाए

५ स्वराघात अपरिवर्त्तनशील हो सकता है·		एकवचन	
	कर्त्ता	студéнт	
	सबध	студéнта	
	सम्प्रदान	студенту	
		इत्यादि	
		बहुवचन	
	कर्त्ता	студéнты	
	सबध	студéнтов	
	सम्प्रदान	студéнтам	
		इत्यादि	

टिप्पणिया १ व्यजन मे समाप्त होनेवाली पुल्लिग सज्ञाओ के शब्दो मे, जिनका अधिकरण -у(-ю) विभक्ति-चिन्ह धारण करता है, उनमे स्वराघात सदा इसी विभक्ति-चिन्ह पर पडता है। उदाहरणत. на мостý, в лесý, в садý, на краю́)

२ व्यजन मे समाप्त होनेवाली पुल्लिंग सज्ञाओ के शब्दो मे, जिनका कर्त्ता कारक बहुवचन -а(-я) धारण करता है, उनमे स्वराघात सदा इसी विभक्ति-चिन्ह पर पडता है городá, учителя́

ई -о, -е(-е) मे समाप्त होनेवाली नपुसक लिंग सज्ञाए -

द्वयाक्षरी		एकवचन	
१ आरम्भिक अक्षर पर स्वराघात। स्वराघात सभी कारको के बहुवचन में शब्दान्त पर चला जाता है·	कर्त्ता	мéсто, пóле, мóре	
	सबंध	мéста, пóля, мóря	
	सम्प्रदान	мéсту, пóлю, мóрю	
		इत्यादि	
		बहुवचन	
	कर्त्ता	⟶	местá, поля́, моря́
	सबध	⟶	мест, полéй, морéй
	सम्प्रदान	⟶	местáм, поля́м, моря́м
			इत्यादि

क्रमशः

ई) -o, -e(-ė) मे समाप्त होनेवाली नपुसक लिग सज्ञाएं

२ विभक्ति-चिन्ह पर स्वराघात। स्वराघात सभी कारको के बहुवचन मे आरम्भिक अक्षर पर चला जाता है		एकवचन	
	कर्त्ता	окнó, лицó, ружье	
	सबंध	окнá, лицá, ружья́	
	सम्प्रदान	окнý, лицý, ружью́	
		इत्यादि	
		बहुवचन	
	कर्त्ता	⟶	óкна, ли́ца, рýжья
	सवध	⟶	óкон, лиц, рýжей
	सम्प्रदान	⟶	óкнам, ли́цам, рýжьям
			इत्यादि
३. स्वराघात अपरिवर्त्तनशील हो सकता है :		एकवचन	
	कर्त्ता	жáло	
	सवध	жáла	
	सम्प्रदान	жáлу	
		इत्यादि	
		बहुवचन	
	कर्त्ता	жáла	
	सवध	жал	
	सम्प्रदान	жáлам	
		इत्यादि	

क्रमशः

ई) -о, -е(-ё) में समाप्त होनेवाली नपुसक लिग सज्ञाए

त्र्याक्षरी	एकवचन	
१ आरम्भिक अक्षर पर स्वराघात। सभी कारको के बहुवचन मे स्वराघात द्वितीय अक्षर पर चला जाता है	कर्त्ता óзеро सबध óзера सम्प्रदान óзеру इत्यादि	
	बहुवचन	
	कर्त्ता →	озера
	सबध →	озёр
	सम्प्रदान →	озёрам इत्यादि
२ विभक्ति-चिन्ह पर स्वराघात। सभी कारको के बहुवचन मे स्वराघात द्वितीय अक्षर पर चला जाता है	एकवचन कर्त्ता ремесло́ सबध ремесла́ सम्प्रदान ремеслу́ इत्यादि	
	बहुवचन	
	कर्त्ता →	ремёсла
	सबध →	ремёсел
	सम्प्रदान →	ремёслам इत्यादि

क्रमश

ई) -o, -e(-ё) मे समाप्त होनेवाली नपुसक लिग सज्ञाए			
		एकवचन	
३ स्वराघात अपरिर्त्तवनशील हो सकता है ·	कर्त्ता	болóто, варéнье	
	सवध	болóта, варéнья	
	सम्प्रदान	болóту, варéнью	
		इत्यादि	
		बहुवचन	
	कर्त्ता	болóта, варéнья	
	सवध	болóт, варéний	
	सम्प्रदान	болóтам, варéньям	
		इत्यादि	

अनुपूरक टिप्पणियां

कभी कभी उपसर्ग से युक्त होने पर सज्ञा अपना स्वतंत्र स्वराघात खो देती है और स्वराघात उपसर्ग पर चला जाता है। ऐसा निम्नलिखित परिस्थितियो मे होता है·

१ -а(-я) मे समाप्त होनेवाली उन स्त्रीलिग सज्ञाओ के कर्म कारक के एकवचन और बहुवचन मे जिनमे स्वराघात अन्त मे है और जिनमे कर्म कारक एकवचन में स्वराघात आरम्भिक अक्षर पर चला जाता है рукá—рýку—зá руку—зá руки, головá—гóлову—зá голову।

उदाहरण Он схватúлся зá голову.

२ व्यजन मे समाप्त होनेवाली पुल्लिग सज्ञाओ के उन शब्दो के कर्म कारक और कभी कभी करण कारक के एकवचन मे, जिनका मूल -оро या

-ере से युक्त है और प्रथम अक्षर पर स्वराघात है। उदाहरणत: гóрод—зá город, зá городом; бéрег—нá берег।

उदाहरण Мы поéхали зá город. Я живý зá городом

३ कतिपय व्यजन मे समाप्त होनेवाली एकाक्षरी पुल्लिग सज्ञाओ के शब्दो के सबव, सम्प्रदान और कर्म कारक के एकवचन मे जिनमे (कर्त्ता को छोडकर) सभी कारकों के एकवचन मे आरम्भिक अक्षर पर स्वराघात है। उदाहरणत. мост, мóста, мóсту—пó мосту, нá мост, дом, дóма, дому —дó дому इत्यादि

४ नपुसक लिग के द्वयाक्षरी शब्दो के सम्प्रदान, कर्म, करण और अधिकरण कारको के एकवचन मे जिनके प्रथम अक्षर पर स्वराघात है। उदाहरणत пóле, пóля, इत्यादि—пó полю, нá поле, мóре, мóря, इत्यादि—пó морю, нá море, зá морем

> टिप्पणी · वर्त्तमान भापा मे इन सयोगो मे स्वराघात प्राय: उपसर्ग पर न होकर सज्ञा पर होता है। वर्त्तमान भापा में अपरिवर्त्तनशील रूप मे उपसर्ग पर स्वराघात उन्ही परिस्थितियो मे होता है जब वह क्रियाविशेपण के आशय के निकट होता है। उदाहरणत Я живý зá городом, किन्तु Сóлнце садилось за гóродом; Урóки зáдали нá дом, किन्तु смотрéл на дóм.

विना उपसर्ग के प्रयोग

तालिका २४

संबंध कारक का प्रयोग

सबंध कारक का प्रयोग सज्ञा, विशेपण, संख्यावाचक विशेपण और क्रियाओ के साथ होता है।

अ) आधारभूत परिस्थितिया जिनमे सवध कारक का प्रयोग सज्ञा, विशेपण और सख्यावाचक विशेपण के साथ होता है

I सज्ञाओ के साथ ·	
१. अधिकार द्योतन के लिए (*чей?*, *чья?*, *чье?*, *чьи?* प्रश्न)	Чей э́то карандáш?—Это карандáш брáта

क्रमशः

अ) आधारभूत परिस्थितिया जिनमे सबध कारक का प्रयोग सज्ञा, विशेषण और सख्यावाचक विशेषण के साथ होता है ·

	Чья э́то тетрáдь?—Это тетрáдь сестры́. Чье э́то перó?—Это перó учи́теля. Чьи э́то кни́ги?—Это кни́ги товáрищей.
२. क्रिया के कर्त्ता के द्योतन के लिए (करनेवाला व्यक्ति या पदार्थ):	Речь учи́теля. Отвéт ученикá Пéние дéвушки Выступлéние делегáтов Бой часóв
३ क्रिया के कर्म के द्योतन के लिए (पदार्थ जिसपर क्रिया का फल चला जाता है):	Чтéние кни́ги Пéние ги́мна Слу́шание лéкций. Убóрка урожáя टिप्पणी: क्रियाओ के साथ कर्म कारक. читáть кни́гу, петь гимн, слу́шать лéкции, убирáть урожáй!
४. इन चीजो के द्योतन के लिए·	
(क) पदार्थ की विशिष्टता।	Прáздник дру́жбы и еди́нства. Прáздник пéсни. Вопрóсы совремéнности. У нас труд преврати́лся в дéло чéсти и слáвы, дéло дóблести и герóйства.
(ख) पदार्थ का गुण निर्देश: टिप्पणी· पदार्थ का गुण निर्देश प्राय अकेले संज्ञा से न होकर सज्ञा और विशेषण के योग से होता है:	Мáльчик высóкого рóста. Человéк большóго умá Местá порази́тельной красоты́. Бумáга пéрвого сóрта टिप्पणी: अधिक परिस्थितियों मे सज्ञा और विशेषण द्वारा निर्दिष्ट अभिव्यजन को विशेपण द्वारा (высóкий мáльчик; первосóртная бумáга) या विशेपण-और क्रिया विशेषण

अ) आधारभूत परिस्थितिया जिनमे सवध कारक का प्रयोग सज्ञा, विशेषण और सख्यावाचक विशेषण के साथ होता है :

	द्वारा वदला जा सकता है (о́чень у́мный челове́к; порази́тельно краси́вые места́)।
५ गुण को धारण करनेवाले के निर्देशन के लिए:	Сме́лость геро́я Ум челове́ка Темнота́ но́чи Белизна́ сне́га. Теплота́ во́здуха Просто́р поле́й.
II तुलनात्मक विशेषणो के साथ, पदार्थ-के निर्देश के लिए, जिसके साथ तुलना की जाती है·	Сестра́ приле́жнее бра́та. Во́лга ши́ре Оки́. टिप्पणी · पदार्थो की तुलना के लिए Сестра́ приле́жнее, чем брат. Во́лга ши́ре, чем Ока́ वाक्यो का दूसरा ढग भी सभव है। ऐसे वाक्यो में संयोजक чем का प्रयोग होता है और जिस पदार्थ की तुलना होती है वह कर्त्ता कारक मे रहता है। . . . . Утро ве́чера мудрене́е (कहावत) Охо́та пу́ще нево́ли. (कहावत)
III परिमाणवाचक शब्दो के साथ·	(क) два, две, о́ба, о́бе, три, четы́ре के वाद और उन सख्याओ के वाद जिनके अत मे два, три, четы́ре (два́дцать два, сто три́дцать три) रहता है सवध कारक एकवचन का प्रयोग होता है. (ख) пять, шесть, семь तथा आगे की सख्याओ के वाद सवध कारक वहुवचन का प्रयोग होता है·

अ) आधारभूत परिस्थितिया जिनमे सबध कारक का प्रयोग सज्ञा, विशेषण और सख्यावाचक विशेषण के साथ होता है

१. परिमाणवाचक सख्याओ के साथ यदि यह सख्याए कर्त्ता या कर्म कारक मे (कर्म का रूप कर्त्ता के समान) है।	два о́ба три четы́ре сто два со́рок три сто пятьдеся́т четы́ре	карандаша́, альбо́ма, ученика́
	пять шесть семь двена́дцать трина́дцать три́дцать пять сто пятьдеся́т во́семь	карандаше́й, альбо́мов, ру́чек, тетра́дей, ученико́в, учени́ц
	две о́бе три четы́ре сто две со́рок три сто пятьдеся́т четы́ре	ру́чки, тетра́ди, учени́цы
	В кла́ссе три́дцать пять ученико́в. два́дцать де́вочек и пятна́дцать ма́льчиков Купи́л три альбо́ма, четы́рнадцать карандаше́й и со́рок две тетра́ди. Два дня мы бы́ли в перестре́лке.. (Л) Шли два прия́теля вече́рнею поро́й И де́льный разгово́р вели́ между́ собо́й.. (Кр)	

अ) आधारभूत परिस्थितिया जिनमे सबध कारक का प्रयोग सज्ञा, विशेषण और सख्यावाचक विशेषण के साथ होता है

К соба́кам подскака́ли два охо́тника .. (Л. Т)

Прошли́ две-три мину́ты — та́ же тишина́ . (Герц)

Так прошли́ три неде́ли.

Три две́ри выходи́ли в коридо́р.

Они́ жи́ли в ве́тхой земля́нке

Ро́вно три́дцать лет и три го́да. (П)

В песча́ных степя́х арави́йской земли́

Три го́рдые па́льмы высо́ко росли́ (Л)

Три молоды́х де́рева расту́т пе́ред две́рью пеще́ры ли́па, берёза и клен. (М Г)

(विशेषण और सज्ञा की सगति और समानुरूपता के लिए देखिये तालिका ४२).

В э́той гру́ппе было два́дцать три челове́ка

Челове́к пять ста́ли мы́ться в го́рном холо́дном ручье́ (М. Г)

Челове́к семь. направля́лось к нам. (М. Г.)

टिप्पणिया: १ дво́е, тро́е, че́тверо आदि कर्त्ता तथा कर्म कारक की समूहवाचक सख्याओ के बाद सज्ञा सबध कारक बहुवचन मे रहती है В стороне́ под куста́ми лежа́ло тро́е его́ това́рищей ..

अ) आधारभूत परिस्थितिया जिनमे सबध कारक का प्रयोग सज्ञा, विशेषण और सख्यावाचक विशेषण के साथ होता है

	२ यदि सख्या (два और इससे ऊची) कर्त्ता या कर्म कारक (कर्त्ता के समान रूप) मे नही है तो सख्या और सज्ञा के कारक समानरूप होते है Встрéтил **трёх товáрищей** Бы́ли на экскýрсии **с двумя́ руководи́телями** Приду́ **к семи́ часáм.** ३ ты́сяча, миллиóн, миллиáрд शब्दो के बाद (चाहे वे किसी भी कारक मे हो) सज्ञा सदा सबध कारक बहुवचन में प्रयुक्त होती है। Привезли́ **ты́сячу книг.** Доклáдчик вы́ступил **пéред двумя́ ты́сячами слу́шателей**
२. अनिश्चित परिमाण द्योतित करनेवाले शब्दो के साथ : мнóго, мáло, нéсколько, большинствó, меньшинствó, скóлько, стóлько और दूसरे :	Мы пострóили **мнóго фáбрик, заводóв** В институ́те **нéсколько библиотéк** Прочитáл **нéсколько статéй** Нам ну́жно **мнóго у́гля, желéза, электроэнéргии** टिप्पणी : वे सज्ञाए जिनका बहुवचन नही होता है мнóго, мáло आदि शब्दो के साथ एकवचन मे प्रयुक्त होती है мнóго **у́гля** и **желéза**, мнóго **рáдости**, мáло **энéргии**। Широкá странá моя́ роднáя, **Мнóго** в ней **лесóв, полéй** и **рек!** . (Л-К)

क्रमशः

अ) आधारभूत परिस्थितिया जिनमे सबध कारक का प्रयोग सज्ञा, विशेषण और सख्यावाचक विशेषण के साथ होता है:

	Мно́го звёзд в безмо́лвии ночно́м гори́т (Бар) Просто́рен мир наш и вели́к, В нем **мно́го сча́стья, мно́го книг** (С Ст) **Мно́жество пчёл, ос и шмеле́й** дру́жно гуди́т в густы́х ветвя́х ака́ций .. (Т.) **Ско́лько** тут бы́ло кудря́вых **берёз**!. (Некр.)
३ कोई नाप या परिमाण बतानेवाले शब्दो के साथ.	Кило́ **хле́ба**. Литр **молока́**. Стака́н **воды́**. Метр **си́тца**
४ по́лон, по́лный विशेषण के साथ ·	Дом **по́лон люде́й** Ко́мната **полна́ наро́ду**. Се́ти бы́ли **полны́ ры́бы** Принес корзи́ну, **по́лную я́блок**. Глаза́ **полны́ слёз, полны́ ра́дости**. टिप्पणी पुल्लिग सज्ञाएं ऐसे सयोगो के साथ प्राय एकवचन मे -у(-ю) विभक्ति-चिन्ह धारण करती है (полна́ наро́ду)। यदि भाववाचक सज्ञा по́лон विशेषण से सबद्ध होती है तो -а विभक्ति-चिन्ह के साथ सबध कारक का प्रयोग होता है। (по́лон восто́рга)। Оно́ (я́блоко) **со́ку** спе́лого **полно́**. (П) Небе́с далёкая равни́на **сия́нья** ми́рного **полна́**. (Яз) **Хлопо́т** Марты́шке **по́лон** рот... (Кр) **По́лный разду́мья**, шёл я одна́жды по большо́й доро́ге (Т)

क्रमश:

अ) आधारभूत परिस्थितिया जिनमे सबध कारक का प्रयोग सज्ञा, विशेषण और सख्यावाचक विशेषण के साथ होता है

На берегу́ пусты́нных волн
Стоя́л он, дум вели́ких полн (П.)

Там не́когда в гора́х, серде́чной ду́мы по́лный,
Над мо́рем я влачи́л заду́мчивую лень. (П)

टिप्पणी. १ इन सयोगो मे सबध कारक के प्रयोगो के साथ करण कारक का भी विरल प्रयोग मिल जाता है.

Тоско́й и тре́петом полна́,
Тама́ра ча́сто у окна́
Сиди́т в разду́мье одино́ком (Л)

२ напо́лниться, запо́лниться आदि धातुओ से युक्त क्रियाओ के सयोग मे सदा करण कारक का प्रयोग होता है Глаза́ **напо́лнились слеза́ми** (किंतु глаза́ полны́ слез)।

आ) सबध कारक का प्रयोग क्रियाओ के साथ

I. परिमाण का अश द्योतन के लिए (क्रिया पदार्थ के केवल एक अंश तक व्याप्त होती है).

१ Вы́пей воды́ का आशय है कुछ परिमाण पीना, вы́пей во́ду का अर्थ है सारा पानी।

Наре́жь хле́ба Нале́й молока́.

क्रमशः

आ) संबंध कारक का प्रयोग क्रियाओं के साथ

	Принеси́ дров Пое́шь я́год Купи́л мя́са, со́ли, овоще́й. टिप्पणी. इस सयोग मे (क) संज्ञाएं प्राय किसी भौतिक पदार्थ का द्योतन करती है, (ख) प्राय क्रिया का पूर्णताद्योतक रूप प्रयुक्तहोता है। २. Набрало́сь наро́ду Нае́лся я́год, напи́лся молока́. Начита́лся книг Накупи́л книг.
II नकारात्मक सकर्मक क्रियाओं के बाद कर्म के निर्देश के लिए	Не получи́л сего́дня газе́т, письма́ Не ви́дел э́той карти́ны Не люблю́ ци́рка टिप्पणी बोलचाल की भाषा में नकारात्मक सकर्मक क्रियाओं के बाद कभी कभी कर्म कारक भी प्रयुक्त होता है (Я не брал э́ту кни́гу Смотри́, не потеря́й тетра́дь. Зарпла́ту я ещё не получи́л)। कर्म कारक का प्रयोग उन परिस्थितियों में होता है जब निर्दिष्ट कर्म पर जोर दिया जाता है और कथन में बड़ी निश्चयात्मकता रहती है। В комнатах ещё не зажига́ли огня́ (Ч) Из пе́сни сло́ва не вы́кинешь. (कहावत)

क्रमशः

आ) संबंध कारक का प्रयोग क्रियाओं के साथ

III. нет, нé было, не бýдет शब्दो के साथ अव्यक्तिपरक वाक्यो मे :

Сегóдня нет собрáния. Зáвтра дóктора не бýдет. Вчерá нé было дождя́

	нет	бумáги,
У меня́	нé было	карандашá,
	не бýдет	врéмени

Брáта, сестры́, отцá, мáтери нет дóма. Никогó нет. Был ктó-нибудь?—Никогó нé было.

Меня́		
Тебя́		
Егó	нет	
Её	нé было	дóма.
Нас	не бýдет	
Вас		
Их		

टिप्पणी. ऐसा भी कहा जा सकता है: Вчерá мы нé были дóма (कर्ता—мы; विधेय нé были)। किन्तु ऐसी परिस्थिति मे संबंध कारक के साथ अव्यक्तिपरक प्रयोग अधिक साहित्यिक माना जाता है: Вчерá нас нé было дóма! Нет, нé было, не бýдет के अर्थ में कतिपय क्रियाएं निपात не के साथ प्रयुक्त हो सकती है: не существýет, не оказáлось, не остáлось, не встречáлось, не произошлó तथा अन्य। इन क्रियाओं के संयोग मे संज्ञाएं भी संबंध कारक मे प्रयुक्त हो सकती है। उदाहरणत:

क्रमशः

आ) संबंध कारक का प्रयोग क्रियाओं के साथ

В э́той рабо́те уже́ не существу́ет (या не встреча́ется) никаки́х тру́дностей (अर्थ है · कोई कठिनाई नही है)।

В ка́ссе теа́тра не оста́лось ни одного́ биле́та (अर्थ है · टिकट नही हैं)। В кио́ске не оказа́лось ну́жных нам книг (अर्थ है. हमारी जरूरत की किताबें नही थी)।

Дождя́ не бу́дет; не́бо я́сно. (Л.)

Когда́ в това́рищах согла́сья нет,
На лад их де́ло не пойдёт. (Кр.)

Ве́тра нет, и нет ни со́лнца, ни све́та, ни те́ни, ни движе́ния, ни шу́ма.. (Т.)

Печа́лен я: со мно́ю дру́га нет.. (П.)

В теле́ге е́ду по холма́м—
Поро́й для взо́ра нет грани́ц,
И всё поля́ по сторона́м,
И над поля́ми ста́и птиц.. (М.)

Я добра́лся, наконе́ц, до угла́ ле́са, но там не́ было никако́й доро́ги. (Т.)

Лицо́ с тоско́й иска́ло ве́тра, да ве́тра-то не́ было.. (Т.)

Луны́ не́ было на не́бе. она́ в ту по́ру по́здно всходи́ла. (Т.)

Това́рищи!—говори́л Па́вел— Всю жизнь вперёд,—нам нет ино́й доро́ги! (М. Г.)

आ) संबंध कारक का प्रयोग क्रियाओं के साथ

